

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-006 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 05 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ट्रैक्टर ने ली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की जान

**सक्ती,4 अप्रैल।** जिला पुलिस चौकी अडभार अंतर्गत ग्राम बंदोरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना गबेल की मौत हो गई। यह घटना आज सुबह करीब 7-8 बजे के बीच मेला स्थल नहर चौक के पास घटी, जब तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। मृतका मीना गबेल बुंदेली केंद्र क्रमांक 2 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थीं। घटना के वक्त उनके साथ उनका छोटा बच्चा भी मौजूद था, जो बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों की सतर्कता के चलते उसे पकड़ लिया गया। इस घटना से मृतका के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मीना गबेल के असमय निधन से उनके दो छोटे बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के गांवों और महिला एवं बाल विकास विभाग में भी शोक की लहर है। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक सीरियागढ़ (डभरा) का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### ट्रेलर पलटा, साइकिल सवार की मौत

**कोरबा,4 अप्रैल।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर बाईपास मार्ग पर आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया. कोयला लोड कर एसईसीएल खदान से निकली एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे की चपेट में सड़क किनारे चल रहा एक साइकिल सवार आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में हाइवा चालक को भी मामूली चोंटे आई है. राहगिरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस हाईवा चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस ने मृतक की पहचान 40 वर्षीय धनसाय, निवासी जवाली गांव के रूप में की है. परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

### 12वीं के बजाए 10वीं का थमाया पेपर

**गरियाबंद,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में ओपन परीक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई है. कक्षा 12वीं की परीक्षा में 10वीं कक्षा के पेपर बच्चों में बांट दिए गए. इस लापरवाही से कल आयोजित होने वाले 10 वीं का पर्चा एक दिन पहले ही लीक हो गया. जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला लोहरसी परीक्षा केंद्र का है. पेपर बांटने में गड़बड़ी को लेकर केंद्राध्यक्ष नारायण सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि आज 12 वीं का गृह विज्ञान का पेपर था, लेकिन गलती से 10 वीं का गृह विज्ञान पर्चा दे दिया गया था. हालांकि गलती का पता चलते ही केंद्राध्यक्ष नारायण सिंह ने पेपर बदल दिया. लेकिन परीक्षा में हुई इस बड़ी लापरवाही को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्राध्यक्ष समेत 3 जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की है. DEO सारस्वत ने अब दसवीं के खुल चुके पर्चे को बदलने के अलावा परीक्षा की तारीख निरस्त करने के लिए राज्य ओपन परीक्षा को पत्र भेजा है. डीईओ सारस्वत ने बताया कि लापरवाही के चलते ड्यूटी में तैनात केंद्राध्यक्ष नारायण सिंह,सहायक केंद्राध्यक्ष तुलसी राम यादव,और ऑब्जर्वर नितू साह को हटाया गया है.

### छुट्टी पर घर आया जवान 1 माह से लापता

**बालोद,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बालोद में एक आर्मी का जवान लगभग 1 महीने से लापता है. वह अपने बीमार पिता के इलाज के लिए घर कलंगपुर आया हुआ था, लेकिन 6 मार्च को वह घर से अचानक निकला और अब तक लौटकर नहीं आया और न ही उसकी कोई खबर आई. गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला, तो अब जवान के मां और बीमार पिता अपने बेटे को ढूंढने के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं. उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर अपने बेटे को खोजने में मदद की गुहार लगाई है.

### सोनिया गांधी की टिप्पणी पर लोकसभा में हंगामा

# सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली,4 अप्रैल।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के खिलाफ टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के जोरदार विरोध के बाद शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सदस्यों ने सोनिया गांधी माफ़ी मांगो जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा था कि भाजपा देश में ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ (संशोधन विधेयक) संविधान पर एक खुला हमला है। हंगामे के जवाब में विपक्षी सदस्यों ने भी नारे लगाए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में सरकार से जवाब मांगा। संसद के दोनों सदनों में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हो गया, हालांकि विपक्ष ने दावा किया कि यह असंवैधानिक÷ है और इससे देश की शांति और सद्भावना भंग होगी। लोकसभा अध्यक्ष



ओम बिरला ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के दौरान संसदीय प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने के लिए सोनिया गांधी की आलोचना की। ओम बिरला ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित किए जाने पर उनकी टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने आरोप लगाया था कि वक्फ (संशोधन) विधेयक,2025 को जबरन पारित किया गया और यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। बजट सत्र के आखिरी दिन, सदन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा सोनिया की टिप्पणी का उल्लेख किए जाने के बाद बिरला ने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ सदस्य द्वारा लोकसभा की कार्यवाही पर प्रश्न उठाना उचित नहीं है।

# थाईलैंड से मुस्लिम समाज को मोदी ने भेजा स्पेशल मैसेज

**नई दिल्ली,4 अप्रैल।** वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पास हो गया है। संसद के दोनों सदनों से वक्फ बिल पास होने पर पीएम नरेंद्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने बैंकॉक पहुंच पीएम मोदी ने थाईलैंड से वक्फ बिल पर राय रखते हुए मुस्लिम समाज के लोगों को स्पेशल मैसेज भेजा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लगातार चार ट्वीट किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ बिल को सामाजिक और आर्थिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुस्लिमों और पसमांदा समाज को फायदा होगा।



पीएम मोदी ने लिखा कि- संसद के दोनों सदनों द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए हमारी सामूहिक खोज में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इससे विशेष रूप से उन लोगों को मदद मिलेगी जो लंबे समय से हाशिये पर हैं, जिससे उन्हें आवाज़ और अवसर दोनों से वंचित रखा गया है। उन्होंने आगे लिखा कि- संसदीय और समिति चर्चाओं में भाग लेने वाले सभी सांसदों का आभार, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त किए और इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। संसदीय समिति को अपने बहुमूल्य सुझाव भेजने वाले अनगिनत लोगों का भी विशेष आभार। एक बार फिर, व्यापक बहस और संवाद के महत्व की पुष्टि हुई है।

**पिछड़े मुस्लिमों के अधिकारों की होगी रक्षा-** प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे ट्वीट में लिखा कि- दशकों से वक्फ व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव था। इससे खास तौर पर मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों, पसमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचता था। संसद द्वारा पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ाएंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे।

**हम प्रत्येक नागरिक को उनका अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध-** उन्होंने अपने चौथे और अंतिम ट्वीट में लिखा कि- अब हम ऐसे युग में प्रवेश करेंगे जहाँ ढांचा अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। व्यापक रूप से, हम प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह हम एक अधिक मजबूत, अधिक समावेशी और अधिक दयालु भारत का निर्माण भी कर सकते हैं।

**हम मिलकर दयालु भारत बनाएंगे-**पीएम मोदी ने आगे कहा जो कानून पास हुए हैं, वे इस व्यवस्था को और पारदर्शी बनाएंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा करेंगे। उन्होंने आगे कहा, ÷हम अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां व्यवस्था और अधिक आधुनिक और न्यायपूर्ण होगी. हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक को सम्मान और बराबरी मिले. इसी रास्ते पर चलकर हम एक मजबूत, सबको साथ लेकर चलने वाला और दयालु भारत बनाएंगे।

# सिने आभिनेता मनोज कुमार का निधन

**मुंबई,4 अप्रैल।** भारत कुमार कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का निधन हो गया है। 87 साल की उम्र में अभिनेता ने आखिरी सांस ली। वह कुछ




दिनों से मुंबई एक अस्पताल में भर्ती थे।पूरब और पश्चिम' फिल्म का गीत 'भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं' आज भी सभी जुबां पर हैं। उनके निधन की खबर आते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्हें अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनकी देश प्रेम वाली फिल्मों के लिए उन्हें 'भारत कुमार' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली।मनोज कुमार के निधन पर फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने कहा, 'ज्महान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित, हमारे प्रेरणास्त्रोत और भारतीय फिल्म उद्योग के 'शेर' मनोज कुमार जी अब हमारे बीच नहीं रहे। यह फिल्म उद्योग के लिए बहुत बड़ी क्षति है और पूरी इंडस्ट्री उन्हें याद करेगी।'

**पीएम मोदी ने जताया शोक-** मनोज कुमार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर दिग्गज अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने लिखा, मनोज कुमार जी, वे भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति के लिए याद किया जाता है, जो उनकी फिल्मों में भी झलकती थी। वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी पोस्ट कर दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। बता दें कि अभिनेता मनोज कुमार का पार्थिव शरीर आज अस्पताल में ही रखा जाएगा। मनोज कुमार के बेटे साथ है लेकिन कुछ करीबी परिजन विदेश में रहते हैं। आज विदेश से परिजन देर रात तक भारत लौट रहे हैं।

### पटवारी घूस लेते रंगे हाथ पकड़ाया

**बलरामपुर,4 अप्रैल।** पटवारी और रिश्वतखोरी एक तरह से पर्याय हो चुका है. ऐसा ही एक मामला जिले में सामने आया है, जिसमें सीमांकन के लिए प्रार्थी से दस हजार रुपए की मांग करने वाले पटवारी को एसीबी ने घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है. प्रार्थी राजेश पटेल परसडीहा जनपद पंचायत वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज के द्वारा अपने निजी भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन दिया गया था, जिसके बाद राजस्व हल्का पटवारी हेमंत कुजूर उससे पैसे की डिमांड कर रहा था. प्रार्थी के अनुसार, पटवारी ने 10000 रुपए की मांग की थी. प्रार्थी ने बतौर एडवांस 2000 रुपए पटवारी को दे चुका था, जिसके बाद शेष 8000 रुपए की रकम देना था.

### वक्फ बिल पारित होने पर मुख्यमंत्री ने पीएम का जताया आभार

**रायपुर,4 अप्रैल।** वक्फ संशोधन बिल पास होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है. इसके साथ ही उन्होंने बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर किए अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए लिखा है कि वक्फ बिल के दोनों सदनों से पारित होने पर बधाई. यह बिल जनजातीय अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है. बिल में यह प्रावधान किया गया है कि 5वीं और 6वीं अनुसूची के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा. इससे आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा. उन्होंने आगे लिखा कि वक्फ बिल पर विपक्ष ने लगातार मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास किया है. यह अत्यंत निंदनीय है. वास्तव में यह बिल किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि न्याय और समानता के मूल्यों को मजबूत करने वाला है.

## बोकारो में बीएसएल के विस्थापितों पर सीआईएसएफ ने किया लाठीचार्ज, एक की मौत, 3 घायल

**रांची,4 अप्रैल।** झारखंड के बोकारो में BSL के विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया, जिसके दौरान 3 अप्रैल को सीआईएसएफ ने उन पर लाठीचार्ज किया. CISF द्वारा की गई लाठीचार्ज की घटना में प्रेम महतो नामक एक विस्थापित की मृत्यु हो गई. इस घटना के पश्चात बेरमो के विधायक ने राज्य सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस घटना पर एक पोस्ट में कहा कि बोकारो में बीएसएल के विस्थापित आंदोलनकारियों पर हुए लाठीचार्ज में एक युवक की मृत्यु की सूचना से उनका मन दुखी है. आंदोलनकारी कल प्रशासन के साथ बातचीत करना चाहते थे, लेकिन यह संभव नहीं हो सका. मुझे जानकारी मिली है कि आंदोलनकारी कल प्रशासन के साथ वार्ता करना चाहते थे, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। जिला प्रशासन और सेल प्रबंधन को यह समझना आवश्यक था कि किसी भी आंदोलन को दमन के माध्यम से समाप्त नहीं किया जा सकता. राज्य सरकार को इस घटना की गहन जांच करनी चाहिए और बोकारो जिला प्रशासन तथा सेल प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए. इसके साथ ही, सेल प्रबंधन को पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और रोजगार प्रदान करना चाहिए.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष करेंगे बड़े नेताओं की मॉनिटरिंग

**रायपुर,4 अप्रैल।** दिल्ली में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की बैठक हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इस बैठक में राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों से कहा, आपका पावर बढ़ेगा, लेकिन जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में इस मुद्दे पर योजना बनाई जाएगी। भूपेश बघेल की मौजूदगी में कई जिलाध्यक्षों ने राहुल गांधी से कहा कि सत्ता मिलने के बाद संगठन को अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन और सत्ता को साथ चलना चाहिए, लेकिन कई राज्यों में ऐसा नहीं हो पाया। जिलाध्यक्षों का यह भी कहना था कि उनके पास पद तो है, लेकिन पावर नहीं।

# पुलिस ने पकड़ा नाला किनारे चल रहा महुआ शराब कारखाना

**कोरबा,4 अप्रैल।** ऊर्जाधानी में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. जहां खाली जगह देखी नहीं वहां महुआ शराब बनाने की अवैध कारखाना खड़ा कर दे रहे हैं. ऐसे ही नाला किनारे चल रहे अवैध कारखाने में दबिश देकर पुलिस ने 860 लीटर महुआ शराब जब्त किया. मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, वहीं चार आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है. बताया जा रहा है कि देवलापाठ इलाके में काफी लंबे समय से एक गिरोह नाला किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर आसपास इलाकों में सप्लाई कर रहा था. उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापा मारा गया. पुलिस को आते देख कुछ लोग भाग गए, एक पकड़ा गया है. मामले में राजू धनवार को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गजेंद्र धनवार, शिव धनवार, सरोज



धनवार और सुखलाल धनवार फरार हो गए. मौके से पुलिस ने 5 बाइक और भारी मात्रा में महुआ लहान समेत 90 हजार रुपए कीमत का 860 लीटर महुआ शराब जब्त किया. बरामद महुआ लहान सहित शराब बनाने वाले सामान और भट्ठी को नष्ट किया. उरगा थाना इलाके में इससे पहले भी कई बार चिकनीपाली गांव में पुलिस ने छापा मार कर नाला किनारे भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया था, वहीं बरामद महुआ लहान को नष्ट किया गया था. इसके बावजूद भी महुआ शराब बनाने वालों के हौसले बुलंद हैं, और नाला किनारे महुआ शराब बनाकर आसपास बेचा जा रहा था, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की.

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के मामले में कांग्रेस ने 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है. इस समिति में 6 विधायकों और एक जिला अध्यक्ष को शामिल किया गया है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने इस जांच समिति का संयोजक गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद को बनाया गया है. पीसीसी चीफ बैज ने आज 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है. जिसमें कुंवर सिंह निषाद (सं), संगीता सिन्हा, अंबिका मरकम, दलेश्वर साहू , भोलाराम साहू , ओंकार साहू और शरद लोहाना समिति में सदस्य को शामिल हैं. यह समिति मृतक के गृह ग्राम भंवरमरा पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात करेगी. जिसके बाद अपनी रिपोर्ट पीसीसी चीफ को सौंपेगी. बता दें कि राजनांदगांव के भंवरमरा का निवासी दुर्गेश कठोलिया के



खिलाफ अर्जुनी थाना में धोखधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी. शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि दुर्गेश ने किसानों से उंचे दामों पर धान खरीदी का झांसा दिया और पैसे नहीं लौटाए. जब किसानों ने अपना पैसा मांगा तो युवक मोबाइल बंद कर फरार हो गया था. इसके बाद पीड़ित किसानों ने दुर्गेश के खिलाफ अर्जुनी थाने में 7 करोड़ रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी. घटना के बाद जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी. परिजनों ने आरोप लगाया है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सांकल से जमकर पिटाई की, जिसकी वजह से युवक की मौत हुई है. वहीं मृतक के परिजनों के आरोप पर एसपी ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद सारे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग उपलब्ध है.

### देवबंद में 10 मुस्लिमों ने इस्लाम छोड़ सनातन धर्म में की वापसी

**लखनऊ,4 अप्रैल।** यूपी के देवबंद में योग साधना यशवीर आश्रम बघरा में सहारनपुर जनपद के देवबंद के ही रहने वाले दस मुस्लिमों ने इस्लाम धर्म को छोड़कर सनातन धर्म में घर वापसी की। परिवार गुरुवार सुबह के समय बघरा स्थित स्वामी यशवीर जी मे आश्रम पहुंचे और स्वामी यशवीर महाराज से शुद्धिकरण यज्ञ करके सनातन धर्म में वापसी की बात कही। यज्ञ के बाद उन्होंने अपने हिंदू नाम रखे हैं। अपनी मर्जी से उन्होंने धर्म बदलने की बात कही है। परिवार ने बताया कि वे अपने पूर्वजों के सनातन धर्म में लौटना चाहते हैं, जिसे उनके परिवार र के के बड़े बड़े सदस्यों ने करीब चालीस पचास वर्ष पूर्व किसी कारण वश सनातन धर्म छोड़ छोड़ मुस्लिम इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# मोदी और मोहम्मद यूनुस की हुई मुलाकात

**नई दिल्ली,4 अप्रैल।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की है। बांग्लादेश ने मीटिंग का अनुरोध किया था। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर से मुलाकात की। ये शेख हसीना के तखूतापलट के बाद पीएम मोदी और मोहम्मद युनूस की पहली मुलाकात है। बीते साल 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना बांग्लादेश छोड़कर भारत आई थीं। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ भारत की ये पहली हाई लेवल मीटिंग थी, जो अब खत्म हो चुकी है। ये बैठक पूरे 40 मिनट तक चली, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत हुई।

इससे पहले कल रात BIMSTEC डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोनों के बीच मुलाकात होने का दावा किया था। पीएम मोदी ने BIMSTEC देशों की 6वीं समिट में भी हिस्सा लिया। इस दौरान थाईलैंड की



प्रधानमंत्री पेइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने उनका स्वागत किया। मोदी और यूनुस की मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि बांग्लादेश में हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने और वहां अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में गिरावट आई है। इसके अलावा, कुछ हलकों में यह सवाल भी उठाया गया है कि बांग्लादेश के प्रशासन पर यूनुस का कितना नियंत्रण है। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब हाल ही में यूनुस ने चीन का दौरा किया था और वहां दिए गए उनके कुछ बयान पूर्वोत्तर क्षेत्र को लेकर भारत के लिए असहज करने वाले रहे।

# वक्फ बिल का उद्देश्य अधिकार देना है, छीनना नहीं

### मुस्लिम समुदाय से शहाबुद्दीन रजवी की अपील- राजनीतिक लोगों के बहकावे न आएं

**नई दिल्ली,4 अप्रैल।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने वक्फ विधेयक का समर्थन करते हुए मुस्लिम समुदाय को भरोसा दिलाया कि इस विधेयक से समुदाय की संपत्तियों-मस्जिदों, दरगाहों, ईदगाहों या कब्रिस्तानों को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अधिकार देने के लिए है, उन्हें छीनने के लिए नहीं। उन्होंने उन दावों को खारिज कर दिया कि इससे मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचेगा। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विधेयक पारित होने के बाद बोलते हुए रजवी ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और इस कदम के लिए जनता को बधाई दी।



बरेलवी ने कहा कि मैं मुस्लिम समुदाय को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वक्फ संशोधन विधेयक से कोई खतरा नहीं है - न तो मस्जिदों, दरगाहों, ईदगाहों और न ही कब्रिस्तानों को। असली खतरा वक्फभू-माफ़िआओं को है, जिन्होंने करोड़ों की संपत्ति लूटी है और वक्फके असली उद्देश्य के खिलाफकाम किया है। उन्होंने समुदाय से विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से परहेज करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि संशोधन उनके लाभ के लिए बनाया गया है। रज़वी ने राजनीतिक गलत सूचनाओं के खिलाफ भी चेतावनी दी और जनता से अफ़्वाहों से गुमराह न होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं मुसलमानों से राजनीतिक एजेंडों से प्रभावित न होने और विधेयक के बारे में फैलाई जा रही झूठी कहानियों पर ध्यान न देने की अपील करता हूं। यद्यपि कुछ धार्मिक नेताओं ने वक्फ(संशोधन) विधेयक, 2025 का समर्थन किया है, लेकिन समुदाय के भीतर असहमति के स्वरों ने चिंता जताई है, आरोप लगाया है कि यह विधेयक मुस्लिम अधिकारों को कमजोर करता है और इसे हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बिना पारित किया गया है। मौलाना सुफ़्यिान निजामी (अध्यक्ष, यूपी वक्फ तामिरो तर्राकी बोर्ड) ने कहा, वे जहर में शहद मिलाने की कोशिश कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह बिल हमारे लिए फ़यदेमंद है। हालांकि, हमारे समुदाय के विशेषज्ञों ने इस बिल के नुकसानों का विश्लेषण और उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि वे (भाजपा) दावा करते हैं कि सरकार ने मुसलमानों के कल्याण के लिए एक उपाय के रूप में इस बिल को रणनीतिक रूप से तैयार किया है, जबकि वास्तव में, यह वक्फसंस्थानों के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे को कमजोर करता है। उन्होंने कहा, राजनीतिक लाभ के लिए इस कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# ट्रंप टैरिफ के विरोध में विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

### कांग्रेस बोली, यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला

**नई दिल्ली,4 अप्रैल।** भारत पर अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन किया। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि देखिए, अब क्या हुआ है। अमेरिका ने हम पर टैरिफ लगा दिया है। (भारत और अमेरिका के बीच) दोस्ती थी, लेकिन देखिए अब क्या हुआ है। कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा, प्रधानमंत्री को सदन में आना चाहिए और टैरिफ के मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कल भी हमने सदन में इस मुद्दे को उठाया था। विपक्ष के नेता ने भी इसे उठाया था। यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला होगा। हम इस पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं, लेकिन सरकार संसद बंद करके भाग रही है। वित्त मंत्री जवाब नहीं दे रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क (टैरिफ) लगाये जाने का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और सरकार से सवाल किया कि इसे लेकर वह क्या करने जा रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सदन में शून्यकाल के दौरान, चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर अतिक्रमण करने का दावा करते हुए यह भी कहा कि इस पड़ोसी देश के साथ संबंध सामान्य होने चाहिए, लेकिन उससे पहले सीमा पर पूर्व की स्थिति बहाल होनी चाहिए और भारत की भूमि लौटाई जानी चाहिए। राहुल ने कहा, ''हमारे साझेदार देश (अमेरिका) ने 26 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है जो हमारी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा, हमारा ऑटो उद्योग, दवा उद्योग और कृषि सभी कतार में हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या करने जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत का 'रियायती जवाबी शुल्क' लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस के रोज गार्डन से विभिन्न देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा था, ''भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है,



## एक नजर

### न्यायालय के आदेश पर निगम भिलाई ने 30 वर्ष पुराने सस्ता मार्केट से हटाए अवैध कब्जे



**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** नगर निगम भिलाई ने उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सस्ता मार्केट क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह बेदखली अभियान 03 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा WPC No - 1728/2020 में दिए गए निर्देशों के आधार पर, नगर निगम को सस्ता मार्केट क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने का आदेश दिया गया था। इसके तहत पुराने 30 वर्ष से अधिक के कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए आज दुकान खाली कराया गया। शुरू में कब्जे धारी द्वारा विरोध किया गया लेकिन न्यायालय के आदेश मजिस्ट्रेट पुलिस बल देखकर के शांत हो गए। कब्जाधारी के नाम पर भी पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई के द्वारा दुकान आवंटन किया गया था। अपने आवंटित दुकान पर काबिज थे, लेकिन इसके साथ-साथ दूसरे के नाम से आबंटित स्थल पर कब्जा करके दुकान संचालित कर रहे थे। यह भी देखने में आया कि अवैध कब्जा किए दुकान में कबाड़ सामान भर कर रखे थे, उसके सामने सड़क पर दुकान चला रहे थे। यह दुकान पूर्व साडा से 1994 में क्षेत्रफल 2.5म3.5 गुलाबचंद के नाम पर 3 नंबर, अकराज 5, सुरेंद्र 4 के नाम पर आबंटित था। आज दुर्ग मजिस्ट्रेट वास्तु मित्र दीवान, जोन 2 आयुक्त सतीश यादव, छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर पुलिस दल के साथ उपस्थित होकर कारवाई करवाएं। कारवाई पश्चात तुरंत मूल आबंटितों को आज जगह नाप कर पजेशन दिया गया। कार्रवाई के दौरान जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, तोड़फोड़ दस्ता से , मंगल जांगड़े, राजेंद्र सिंह, विष्णु सोनी, , गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

### संपत्तिकर जमा करने पर एक साथ 2 लाभ-पुराने पर ब्याज नहीं, नये पर छूट

**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा संपत्तिकर भुगतान हेतु 30 दिन का विशेष छूट प्रदान की गई है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मकान, दुकान मालिको से जिनका वित्तीय वर्ष 2024-25 का बकाया संपत्तिकर का भुगतान नहीं किए है। वें सभी 30 अप्रेल 2025 तक अपने संपत्तिकर का भुगतान कर सकते है। करदाता को 18 प्रतिशत अधिभार एवं 1000 पेनाल्टी में 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोक सभा निर्वाचन कार्य, निकायो का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण, स्थानीय निकायों का निरीक्षण आदि कार्यो निकायों के अधिकारी/कर्मचारी संलग्न रहे। जिसके वजह से संपत्तिकर की वसूली प्रभावित हुई है। इसी को देखते हुए शासन द्वारा विशेष अवसर दिया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय शासन के आदेश के तारतम्य में नगर निगम भिलाई में वसूलीकर्ता एजेंसी परियोजना निदेशक, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा. लिमि. रांची शाखा भिलाई को संपत्तिकर भुगतान में वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर दाताओं को 30 अप्रेल तक विशेष छूट प्रदान करने के लिए निर्देशित किए है। साथ में भवन, भूमि स्वामियों की जानकारी के लिए निगम के प्रत्येक क्षेत्र में वार्डो में व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए भी सूचित किया गया है। इसके साथ ही जो करदाता वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर जमा करने पर 6.25 प्रतिशत का विशेष छूट का लाभ ले सकते है। इस प्रकार निगम भिलाई में दोना सुविधा उपलब्ध है। नागरिको के सुविधा के लिए घर बैठे आनलाईन संपत्तिकर जमा करने के लिए भी सुविधा प्रदान की गई है। आनलाईन वेबसाईट https://Chhattishgarhmunicipal.com/nagarnigam/citizen/ में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में केडिट, डेबिट, नेटबैंकिंग, यूपीआई पूछा जायेगा, जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है।

### जान से मारने की कोशिश,युवक गिरफ्तार

**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र के आदतन गुंडा बदमाश अवतार मरकाम



की हत्या के बाद उसके छोटे भाई ने 29 मार्च को हत्याकांड के मुख्य आरोपित दीपक ठाकुर के छोटे भाई सहित दो लोगों को जान से मारने की कोशिश की। भाई की हत्या का बदला लेने की नीयत से उसने दो लोगों पर चाकू से हमला किया हालांकि घटना के शिकार दोनों युवक बच गए शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है और उसके एक दोस्त की तलाश की जा रही है बता दें कि बीते 28 मार्च की रात को जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के ग्राम चिखली में इंदर ढाबा के पास मोहन नगर थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाश अवतार मरकाम की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई थी मोहन नगर टीआई शिव चन्द्रा शिव ने बताया कि इस हत्याकांड में कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है जिसमें चार आरोपित आकाश मजूमदार उर्फ सोना, मुकेश चौहान उर्फ चीरा अमन साहू उर्फ मशान और होरी लाल पटेल उर्फ बाती को घटना के दूसरे दिन ही पकड़ लिया गया था दीपक ठाकुर को रूआबांधा बस्ती से गिरफ्तार किया गया आरोपित की भागने में मदद करने वाले मुकेश्वर को भी गिरफ्तार किया गया था हत्या के दूसरे दिन क्षेत्र के सिकोलाभाठा में दूसरी वारदात हुई थी जिसमें अनुज ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए दीपक के भाई सन्नी और प्रीतपाल पर चाकू से हमला कर दिया था।

# सीबीआई पहुंची विधायक प्रतिनिधि राकेश श्रीवास्तव के घर पर खुर्सीपार और कई मुद्दों पर की पूछताछ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** बहुचर्चित महादेव मामले में सीबीआई की 02 सदस्यी टीम पूछताछ करने के लिए जोन 2 खुर्सीपार बालाजी नगर में विधायक प्रतिनिधि राकेश श्रीवास्तव उर्फ भोलू श्रीवास्तव के घर पर पहुंची। महादेव मामले से संबंधित कुछ पूछताछ के उपरांत सीबीआई की 02 सदस्यी टीम पुलिस के साथ वापस लौट गई इस दौरान सीबीआई ने भोलू श्रीवास्तव से 6 -7 मुद्दों पर पूछताछ किया सूत्रों के अनुसार कई प्रश्नों पर भोलू श्रीवास्तव ने कहा मुझे जानकारी नहीं है। ज्ञातव्य हो कि आज सुबह सीबीआई टीम एक मामले की जांच में भिलाई खुर्सीपार स्थित राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव के घर दल बल के साथ पहुंची। इस दौरान टीम ने भोलू श्रीवास्तव से कुछ मुद्दों पर चर्चा की कुछ व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की सीबीआई की टीम ने भोलू श्रीवास्तव से व्यक्ति विशेष के संबंध में पूछताछ किया, भोलू ने स्वीकार किया कि वह मेरा दोस्त है मित्र है कुछ और मुद्दों पर पूछताछ के दौरान भोलू श्रीवास्तव ने जानकारी होने से इनकार किया। इस दौरान सीबीआई की टीम ने बोलो श्रीवास्तव के घर की फोटोग्राफी भी की तथा जानकारी लिया कि घर में कौन-कौन रहता है परिवार के सदस्यों के संबंध में भी जानकारी हासिल की। ज्ञातव्य हो कि राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का नगर पालिक निगम भिलाई में प्रतिनिधि है तथा वह भिलाई निगम की सामान्य सभा, बजट बैठक और अन्य कार्यों में विधायक प्रतिनिधि के रुप में शामिल होते रहे है। आज पुलिस टीम के साथ पहुंची सीबीआई को देख कर आस पास हड़कंप सी मच गई। आपको बता दें कि सीबीआई महादेव आनलाईन सट्टा मामले में हाल ही में लगभग 60 ठिकानों पर एक साथ पहुंची थी। इस मामले में पूछताछ के आधार पर मिले इनपुट पर जांच तेज हो चली है।

## शहर में सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध करवाने नगर निगम संकल्पित है: लीना देवांगन

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम की जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने गुरुवार को बस स्टैण्ड स्थित जलगृह



विभाग के अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर पदभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के उपरांत जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन मीडिया से भी रुबरु हुई। चर्चा में उन्होने कहा कि शहर में सुचारु रुप से पेयजल उपलब्ध करवाने नगर निगम संकल्पित है, लेकिन पम्प हॉउस व पाईप लाईन में अकस्मात कुछ खराबी आ जाने की वजह से पेयजल संकट की स्थिति पैदा होती है। इसके निराकरण के लिए जलकार्य विभाग द्वारा शहर के पेयजल पाईप लाईन में लीकेजों के संधारण का निर्णय लिया गया है। बोरसी के विराटनगर, पोटिया, शक्तिनगर के अलावा अन्य क्षेत्र में पेयजल पाईप लाईन में लीकेज की शिकायत मिली है। इन लीकेजों के संधारण के लिए 20 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। लीकेजों का संधारण एक साथ किया जाएगा। जिसके लिए शटडाउन भी करना पड़ेगा। श्रीमती देवांगन ने बताया कि पेयजल संकट के समाधान के लिए शहर के कुछ स्थानों पर नई पानी टंकी निर्माण प्रस्तावित है। इनमें से एक शिक्षक नगर में नई पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए शासकीय प्रक्रिया जारी है। शिक्षक नगर क्षेत्र में नई पानी टंकी निर्माण से आसपास के वार्डों में पेयजल संकट का समाधान हो जाएगा। इसके अलावा उन्होने मिलपारा में निर्मित नई पानी टंकी से पेयजल सप्लाई नहीं होने पर कहा कि पानी टंकी से लीकेज की शिकायत मिली है। अगर संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरती है, तो इसकी जांच करवाई जाएगी। जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा है कि जलकार्य विभाग द्वारा पेयजल संकट से निपटने वृहद् योजना तैयार की जा रही है। जिससे अब शहर में पेयजल संकट को लेकर मटका फोडने़ की नौबत नहीं आएगी। जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अमृत मिशन योजना से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि जिन क्षेत्रों में अमृत मिशन योजनांतर्गत पेयजल का लाभ नहीं मिला है या अमृत मिशन योजना के नाम पर तीन-तीन वर्ष का एक साथ टैक्स लेने की शिकायत मिली है। ऐसी शिकायतों की जांच करवाई जाएगी और करदाताओं के हित में उचित कदम उठाए जाएंगे।



### मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा

**कवर्धा।** मां महामाया मंदिर में बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी ने अगरबत्ती और दिया जलाकर नारियल फल और फूल चढ़ाकर पूजा की और क्षेत्रवासियों के जीवन में शांति और समृद्धि आए इसके लिए मनोकामना की ।



### जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सहकारिता और कृषि विभाग की समीक्षा बैठक ली

**कवर्धा।** कवर्धा कलेक्ट्रेट सभागार मे सहकारिता एवं कृषि विभाग की जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने समीक्षा बैठक ली। जिसमे के सी सी ऋण वितरण, खाद एवं बीज वितरण, में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना होने का अधिकारियो को जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू द्वारा दिशा निर्देश दिया गया।

## महिला अधिवक्ता से ठगी :दो गिरफ्तार

**दुर्ग,4 अप्रैल।** दुर्ग की महिला अधिवक्ता को डिजिटल अरेस्ट कर 41



लाख रुपए की ठगी के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। यह सफलता दुर्ग कोतवाली और एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट को संयुक्त प्रयास से मिली है। दोनों आरोपियों को गुजरात में धरदबोचा गया। पकड़े गए आरोपियों में मनीष दोसी पिता नरोत्तम भाई ( 46 वर्ष ) निवासी नक्षत्र अपार्टमेंट 05 फ्लोर नंबर 504 सनाडा रोड मोरबी गुजरात एवं असरफ खान पिता महबूब भाई कोडिया ( 45 वर्ष ) निवासी रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे मंजील पार्क सुरेन्द्र नगर गुजरात है दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने पत्रकार वार्ता में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने ठगी से प्राप्त पैसो को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से दुबई भेजना स्वीकार किया है। वहीं चंद घंटों में रूपयों को स्थानीय अंगड़िया के माध्यम से हवाला में लगा दिया। आरोपियों के कब्जे से रूपए गिनने की मशीन व 45 लाख का इन्डेवर फोर्ड वाहन जप्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाली अधिवक्ता फरीहा अमीन कुरैशी को डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने बताए गए खाते में 41 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिया था। ठगों ने सीबीआई और दिल्ली पुलिस काइअधिकारी बनकर उसे धमकाया कि दिल्ली में एक आरोपी पकड़ा गया है। उसके पास आपके नाम का खाता मिला है, जिसमें 8.7 करोड़ का लेनदेन हुआ है। इसके बाद उन्होंने उसे धमकाकर उससे 41 लाख रुपए मंगवा लिए और ठगी की। महिला वकील ने दुर्ग सिटी कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई । उसने बताया कि दिल्ली के रहने वाले आरोपी दीपक और सुनिल कुमार गौतम का उसके फोन में वीडियो कॉल आया था। उन्होंने खुद को दिल्ली पुलिस से होना बताया। उन्होंने बताया कि उन्होंने संदीप कुमार नाम के आरोपी को मनीलॉन्ड्रींग, ड्रग ट्रैफिकिंग और आईडेन्टिटी थेफ्ट केश में गिरफ्तार किया है उन्होने बताया कि संदीप के कब्जे से 180 संदिग्ध बैंक खाते प्राप्त हुए हैं। उन खातों में से एक खाता फरीहा अमीन कुरैशी के नाम पर है। वह खाता एचडीएफसी बैंक दिल्ली में 18 दिसंबर 2024 को खुलवाया गया है। साथ ही उस खाते में लगभग 8.7 करोड़ रुपये जमा हैं।

# पानी की बढ़ती खपत को देखते हुए संभागायुक्त ने वर्षा जल संचयन करने की आवश्यकता पर दिया जोर



**दुर्ग,4 अप्रैल।** संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने गुरूवार को संभाग स्तर पर नगर पालिक निगमों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समीक्षा में ग्रीष्म काल में जल प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और सिटी डेवलपमेंट प्लान जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रीष्म काल में जल प्रबंधन के संदर्भ में श्री राठौर ने जल की बढ़ती खपत और जल स्त्रोतों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए वर्षा जल संचयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जलाशयों और कुओं में पानी इकट्ठा करने की प्रणाली स्थापित करने की बात की ताकि जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सार्वजनिक जल उपयोगकर्ताओं को पानी बचाने के लिए जागरूक करने का महत्व बताया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राठौर ने अपूर्ण और पूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्माणाधीन आवासों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने उन आवासों में गृह प्रवेश को भी प्राथमिकता देने की बात की जो पहले ही पूर्ण हो चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट की स्थापना पर चर्चा हुई। श्री राठौर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री राठौर ने विभिन्न विकास योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से लागू करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सके। उन्होंने आवारा मवेशियों को हटाने के लिए दल गठित कर कार्ययोजना बनाने को कहा।साथ ही दल के माध्यम से मुआवजा कर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में संभाग के सभी नगर पालिक निगम आयुक्त, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण एवं संरक्षण मंडल श्रीमती अनिता सावंत, नगरीय प्रशासन एवं विकास के अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्राफिक पुलिस ने नियम तोड़ने पर 20 हजार से अधिक वाहनों पर की कार्रवाई

**भिलाई।** दुर्ग में जबसे ऋृचा मिश्रा ट्राफिक एएसपी बनकर आयी है तबसे वे दुर्ग भिलाई के ट्राफिक को सुधारने में लगी है, और नियम तोड़ने व शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर ताबडतोड़ कार्यवाही करने के निर्देश अपने मातहत अधिकारियों व टीआई, एसआई और एएसआई को दिये है। इसी निर्देश का पालन करते हुए ट्राफिक पुलिस ने यातायात के नियमों का पालन नहीं करने व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर ताबड़तोड कार्यवाही कर रही है। मात्र पिछले तीन माह में ही ट्राफिक पुलिस द्वारा 20,145 लापरवाह वाहन चालकों पर कार्यवाही कर उनसे 85 लाख रुपए से अधिक का समन शुल्क वसूल किया गया। सबसे अधिक बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 3926 चालकों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा विगत 03 माह में कुल-20145 यातायात नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए 85लाख 48 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किये गये है।

# खाता बेचने के मामले में दो लोग किए गए गिरफ्तार

**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** भिलाई साइबर ठगी के लिए अपने खाता बेचने के मामले में पुलिस नस ने पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक आरोपित पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का आदतन सटोरिया है दोनों आरोपितों के खातों में करीब ढाई लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ था मोहन नगर पुलिस और साइबर थाना पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन संचालित समन्वय पोर्टल ने कर्नाटका बैंक दुर्ग के 111 खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में चिह्नित किया था जिसके बाद मोहन नगर पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था खातों की जांच के दौरान पुलिस को एक खाता पद्मनाभपुर के पुराने सटोरिये रोहित बागड़ी उर्फ ब्रिल्लू बागड़ी का मिला पूछताछ में आरोपित ने कर्नाटका बैंक में अपना



खाता खुलवाकर उसे म्यूल अकाउंट के रूप में बेचने की बात स्वीकार की आरोपित ने अपना खाता जिससे बेचा है पुलिस उसकी जांच कर रही है यहां उल्लेखनीय है कि पुलिस ने इस मामले में अब तक 35 लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा है। इसके अलावा रेंज साइबर थाना पुलिस ने साक्षरता चौक कैंप-1 निवासी रितेश कुमार साहू (24 साल ) को गिरफ्तार किया है आरोपित ने भारतीय स्टेट बैंक रामनगर शाखा में अपने नाम का खाता खुलवाकर उसे किराये पर दिया था जिसमें लाखों रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है आरोपित के खाता में चिक्काबालापुरा कर्नाटका से 11 बार में कुल 89 हजार 300 रुपये जमा हुआ था

# जेल में नवरात्रि पर कैदियों ने रखा उपवास



**दुर्ग,4 अप्रैल।** दुर्ग केंद्रीय जेल में बंदियों में भक्ति और उपवास के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है धार्मिक आस्था, आत्मशुद्धि और आत्मचिंतन को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन ने पूरे जेल परिसर के वातावरण को भक्तिमय कर दिया नवरात्रि में दुर्ग केंद्रीय जेल में भी मां दुर्गा की आराधना पूरे श्रद्धाभाव से की जा रही है यहां 166 पुरुष और 36 महिला बंदियों ने पूरे नौ दिनों का उपवास रखा है जबकि 68 अन्य बंदियों ने आंशिक रूप से उपवास रखते हुए पहले दिन, पंचमी और नवमी का व्रत किया कैदियों ने रखा उपवास जेल प्रबंधन ने उपलब्ध कराए मेवे फल जेल में भक्तिमय माहौल के बीच निरंतर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं सुबह-शाम होने वाले जस गीतों की गूंज से परिसर गूंजायमान हो गया है, वहीं प्रज्वलित ज्योत-जवारे के दर्शन से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है. बंदियों की धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए जेल प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं. उपवास रखने वाले सभी बंदियों को पौष्टिक फलाहार उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि उनके स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े. उपवास के दौरान बंदियों को विशेष रूप से फल, दूध, मेवे और अन्य पौष्टिक आहार दिए जा रहे हैं जिससे वे ऊर्जा से भरपूर रहें और किसी भी प्रकार की कमजोरी महसूस न करें उपवास के दौरान बंदियों का मेडिकल चेकअप उपवास रखने वाले सभी बंदियों का मेडिकल चेकअप किया गया है.डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत की निगरानी कर रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी बंदी को उपवास के कारण कोई स्वास्थ्य समस्या न हो दुर्ग जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजन बंदियों के मानसिक और भावनात्मक विकास में सहायक होते हैं. ये उन्हें आत्मसंयम धैर्य और शांति का पाठ पढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है इस पहल से जेल के वातावरण में भी सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है. जेल में होने वाले इन आयोजनों से न केवल बंदियों का आत्मिक विकास हो रहा है बल्कि यह उन्हें अपने जीवन में सुधार लाने की प्रेरणा भी दे रहा है आपको बता दें कि नवरात्रि के दौरान जेल परिसर में सुबह और शाम धार्मिक भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है. इसमें बंदी पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा ले रहे हैं और मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं. जेल प्रशासन ने पूजा-अर्चना के लिए विशेष स्थान निर्धारित किया है जहां देवी की प्रतिमा स्थापित की गई है और वहां नियमित रूप से पूजा हो रही है भजन-कीर्तन और जस गीतों की गूंज से जेल परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है

## मंदिर चबूतरा जीर्णोध्दार के लिए भूमिपूजन

**जामुल,4 अप्रैल।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र के वार्ड 12 एवं 13 में स्थित



धार्मिक आस्था का केन्द्र भगवान बजरंगबली एवं भगवान भोलेनाथ के चबुतरा का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के निधि से होगा । लेबर केम्प के रहवासियों एवं श्रद्धालुओं के आग्रह पर चैत नवरात्र के अवसर पर आम लोगों की धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने उक्त कार्य हेतु भूमिपूजन किया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे लेबर कैम्प सहित अन्य वार्डों के निवासियों द्वारा वहां पर स्थापित भगवान हनुमान एवं शिव के चबुतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का मांग किया था। जिसके लिए मैंने अपने स्वयं के अध्यक्ष निधि से 4.50 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया था जो कि तमाम प्रशासकीय प्रक्रिया के बाद वहां के श्रद्धालुगणों के साथ भूमि पूजन किया गया और आज जामुल में जो भी कार्य संपादित हो रहे हैं यह सभी भगवान की कृपा एवं आम जनता के सहयोग से ही हो रहा है क्योंकि ऊपर वाले की कृपा बिना कुछ भी संभव नहीं । नवरात्र के इस पवित्र बेला में आज भूमिपूजन हुआ है जिसका लाभ सीमित वर्ग ही नहीं अनन्य जनों को मिलेगा । भूमि पूजन अवसर पर दुर्योधन साहू, दिलीप सिंह, यशवंत राजपूत, हलधर साहू, विनय साहू, सुखमन दास, रतन पटेल, महाराणा प्रताप पाल, लोकेश जैन, बाली बर्मन, ओमप्रकाश वर्मा, तीरथ वर्मा, शंकर सेन, ध्रुव मौर्य, रामचरण वर्मा, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

### 15.21 करोड़ रुपए मिलने पर निगम ने शासन को धन्यवाद दिया

**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** नगर निगम का छत्तीसगढ़ शासन से बहुत दिनों से बहुत दिनों से लंबित मांग थी, कि नगर निगम भिलाई के संचित निधि एवं फ्रीहोल्ड की राशि भिलाई को वापस किया जाए। आज शासन द्वारा 10 करोड़ 50 लाख 36 हजार रुपए संचित निधि का एवं फ्री होल्ड की राशि 4 करोड़ 36 लाख 38000 प्राप्त हुए। इस राशि की मांग भिलाई नगर निगम द्वारा बार-बार मांग किया जा रहा था। पूर्व के आयुक्त एवं वर्तमान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन से बार-बार पत्राचार के माध्यम से निवेदन किया जा रहा था। भारसाधक उपमुख्यमंत्री के अनुमोदन से आज राशि नगर निगम भिलाई को प्राप्त हुआ। इसीलिए नगर निगम के आधिकारी कर्मचारियों में बहुत खुशी व्याप्त है। इसके लिए कर्मचारी संघ के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साव, भारसाधक उप उपमुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद दिया। शासन ने हमारी लंबित मांगों को सुना इसके लिए हम सबको खुशी है। मिलने वाली राशि से उपादान भुगतान रिटायर्ड कर्मचारियों को किया जाएगा जो 2018 से लंबित था इसके साथ-साथ फ्रीहोल्ड से प्राप्त राशि का नगदी कारण एवं अन्य सत्व का भुगतान किया जाएगा। आयुक्त पाण्डेय को इस प्रयास के लिए धन्यवाद देने वाले अधिकारी कर्मचारियों में राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, लेखा अधिकारी सी. बी. साहू, अभियंता संजय अग्रवाल, विनीत वर्मा, अर्पित बंजारे, नितेश मेश्राम, श्वेता वर्मा, हृदय राम कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# शहर में बढ़ता जा रहा है आवारा सांडों का आतंक

**भिलाईनगर,4 अप्रैल।** शहर में आवारा सांडों का आतंक बढ़ता चला जा रहा है। बुधवार को छावनी निवासी एक अधेड़ को सांड ने पटककर घायल कर दिया। सांड के हमले से अधेड़ को पैर में गंभीर चोट के चलते सुपेला के शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सप्ताह भर पहले ही मॉडल टाउन में आवारा सांड के हमले से एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। बावजूद इसके सांडों को पकड़कर गौशाला पहुंचाने के अभियान का अताण्पता नहीं है। बुधवार को छावनी के वार्ड 14 में आवारा सांड ने एक शख्स को सींग से उठाकर जमीन पर पटक दिया। शख्स का नाम जीवन लाल ;42 वर्षद्ध बताया जा रहा है। सांड के हमले से जीवन लाल के पैर में गंभीर चोट लगी है और उसे उपचार के लिए सुपेला के शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवारा सांड से हमले का यह कोई पहला मामला नहीं है। बल्कि इस तरह के मामले लगातार पेश आ रहें हैं। अभी हाल ही में 26 मार्च को मॉडल टाउन सड़कण्9 में घूम रहे आवारा सांड ने एक 80 वर्षीय व्यक्ति को अपनी सींगों पर उठा लिया और घुमा कर फेंक दिया। इस हमले में घायल की पसलियां उखड़ गईंए डायफ्राम ट गया और अंतडि?ां भी बाहर आ गईं। घायल को तत्काल हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल लाया गया। सर्जन डॉ नविल शर्मा के साथ पूरी ट्रॉमा टीम उनकी जान बचाने में जुट गई। मरीज का काफी रक्त बह चुका था। सामने से पेट और सीना पूरा खुल चुका था और धड़कता हुआ दिल भी साफ्ए साफ दिखाई दे रहा था। बड़ी आंत कट चुकी थी और छोटी आंत भी बाहर लटक गई थी। आखिरकार चिकित्सकों के भरसक प्रयास के बावजूद बुजुर्ग की



मौत हो गई। इस घटना के बाद मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने तत्काल नगर निगम को कॉल कर सांड को पकड़वा दिया है। लेकिन अभी भी खुले में घूमने वाले सांडों के आतंक पर अंकुश नहीं लग पाया है। गौरतलब रहे कि नगर निगम द्वारा खुले में घूमने वाले मवेशियों को पकड़ कर गौशाला में रखा जाता है। गौशाला में गाय और बछड़े तो नियंत्रण में रहते हैं। लेकिन सांडों को नियंत्रित करने में गौशाला संचालन करने वालों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गौशाला में छोड़े जाने वाले सांड अक्सर कूद फांद मचाकर फिर से बाहर निकल आते हैं। यही वजह है कि शहर की सड़क से लेकर गलियों तक में आवारा सांडों की आमद रफ्त बनी हुई है। इनमें से अनेक सांड आक्रमक होकर लोगों पर हमला कर रहे हैं।

## एक नजर

### संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की



**राजनांदगांव 04 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर संभागायुक्त दुर्ग श्री सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान एसडीएम श्री मनोज मरकाम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में युवोदय स्वयंसेवकों ने किया सेवा कार्य



**राजनांदगांव 04 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ में लगने वाले मेले में नवरात्रि के प्रथम दिवस माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में युवोदय स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया। युवोदय स्वयं सेवकों ने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की एवं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य सेवा कार्य किया। इस सेवा कार्य के लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने युवोदय स्वयंसेवकों की प्रशंसा की। युवोदय स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर, साहिल, चंद्रप्रकाश, खिलेन्द्र, नितेश, भानुप्रसाद, तोरण एवं अन्य स्वयंसेवियों ने सेवा कार्य में योगदान दिया।

### प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल को

**राजनांदगांव 04 अप्रैल।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन रविवार 20 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। प्राक्कयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रस्ताव 4 जुलाई तक

**राजनांदगांव 04 अप्रैल।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 में पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। पद्म पुरस्कारों के लिए जिले के योग्य व पात्र व्यक्तियों से नामांकन प्रस्ताव 4 जुलाई 2025 तक निर्धारित प्रपत्र में जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन व सिफारिश की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल https://awards.gov.in पर बताई गई है एवं पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाईट https://padmawards.gov.in पर भी उपलब्ध है।

### बिजली ऑफिस के सामने बैठकर गाया भजन, किया अनोखा विरोध प्रदर्शन



**अम्बागढ़ चौकी, 04 अप्रैल।** शहर में हो रही लगातार बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज की समस्या के खिलाफ नगरपंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में आम जनता ने विद्युत विभाग कार्यालय के सामने बैठकर अनोखा धरना प्रदर्शन किया। मानिकपुरी और उनके कार्यकर्ता ऑफिस के सामने बैठकर भजन गाया और गांधीगिरी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। विभाग के ए ई भरथरी कुर्रे को ज्ञापन सौंपते हुए मानिकपुरी ने कहा की बिजली की इन समस्याओं का जल्द निदान नही होने पर आम जनता के साथ मिलकर करेंगे उग्र आंदोलन।

### निधन

### लक्ष्मीनारायण सोनी



**डोंगरगढ़, 04 अप्रैल।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार श्री लक्ष्मीनारायण सोनी का निधन बुधवार रात्रि 10.00 बजे हो गया जिनकी अंतिम यात्रा 3 अप्रेल को माँ बम्लेश्वरी की गोद में विराजमान छिरपानी स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो देवलोक को गमन हो गई. श्री सोनी के निधन पर पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई. श्री सोनी शासन से अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार के आलावा प्रदेश आर टी आई यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष थे व छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त थे. श्री सोनी के निधन पर जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रेस क्लब, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मंदीर ट्रस्ट समिति सहित नगर के गणमान्य नागरिको ने श्रधांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई है कि परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें.

# मानवता की सेवा और दानशीलता के लिए हमेशा से आगे रहा है अग्रवाल समाज : साय

- मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन में नवनिर्मित आडिटोरियम का लोकार्पण करते हुए दानदाताओं को किया सम्मानित



**रायपुर, 04 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन में नवनिर्मित आडिटोरियम का लोकार्पण करते हुए दानदाताओं को किया सम्मानितमुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन में नवनिर्मित आडिटोरियम का लोकार्पण करते हुए दानदाताओं को किया सम्मानित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा दानशीलता दिवस पर आयोजित सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन में समाज द्वारा नवनिर्मित 200 सीटर ऑडिटोरियम का लोकार्पण और दान दाताओं का सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अग्रवाल समाज की दानशीलता के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानवता की सेवा और दानशीलता के लिए अग्रवाल समाज हमेशा ही आगे रहा है। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज का छत्तीसगढ़ से काफी पुराना नाता रहा है। लगभग 400 साल पहले जब से अग्रवाल समाज का छत्तीसगढ़ में पदार्पण हुआ है, तब से छत्तीसगढ़ के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज व्यापार व्यवसाय से जुड़ा हुआ है जो कठिन परिश्रम तथा लगन से कार्य करते हुए मानवता की सेवा में जुटा रहना वाला समाज है। अग्रवाल समाज के द्वारा कोविड की विषम परिस्थिति में भी मानव सेवा सम्बंधी किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के दानदाताओं के सहयोग का उल्लेख किया। इनमें उन्होंने डीकेएस अस्पताल, एम्स, शीतलबांधा तालाब सहित अनेक कार्यों का उल्लेख किया। कृषि विश्वविद्यालय के लिए 1900 एकड़ भूमि समाज के दानदाताओं द्वारा दी गई है। अनेक धर्मशाला, तालाब, मंदिर, गौशाला, छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के द्वारा बनाई गई है। इन कार्यों से समाज का हर वर्ग लाभान्वित है। सामाजिक समरसता का इससे अनूठा उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के लोगों ने सेवा के ऐसे काम किए हैं, जो सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, कन्या विवाह, रोजगार जैसे अनेक क्षेत्रों में आप सभी ने जरूरतमंदों की सेवा की है। हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ देश-दुनिया में सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है। इसके पीछे छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप 2047 में विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पाने में अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहेंगी। इस दौरान उन्होंने समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। साथ ही मुख्य मंच से दान देने वाले अग्रणी परिवारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने भी संबोधित किया।

## 2 ढाबा संचालकों पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 04 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस चौकी तुमडीबोड स्टाप द्वारा दिनांक 02/04/2025 को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की मुखबीर सुचना पर ढाबाओं की चेकिंग की गयी। चेकिंग दौरान ग्राम तुमडीबोड स्थित यारा द ढाबा के संचालक अजय तेजवानी एवं ग्राम मलईडबरी स्थित शेरे पंजाब ढाबा के संचालक हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी एवं साथी मोहम्मद शाहिद द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने पर मौके पर ही कार्यवाही करते हुए 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरूद्ध किया गया। यारा द ढाबा ग्राम तुमडीबोड के संचालक अजय तेजवानी के कब्जे से अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 01 बोरी में 61 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की कुल 10.980 बल्क लीटर, 01 बोरी में 04 पौवा एसी नीट व्हीस्की 720 एम.एल., 01 बोरी में 05 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 900 एम.एल. तथा 01 बोरी में 08 बोतल शिम्बा बीयर कुल 520 एम.एल.कुल जुमला 17.800 बल्क लीटर कीमती 10120/रूपये जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। शेरे पंजाब ढाबा ग्राम मलईडबरी मोहम्मद साहिद के कब्जे से एक लाल रंग के कोको कोला लिखे प्लास्टिक के कैरेट में रखे 13 पौवा देशी प्लेन शराब शोले कुल 2.340 बल्क लीटर एवं 31 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की 5.580 बल्क लीटर कुल जुमला 7.920 बल्क लीटर कीमती 5200/रूपये जप्त किया गया।

## छुरिया में डिजिटल एक्सरे की सेवा प्रारंभ,होगी सुविधा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 04 अप्रैल।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में डॉ. आहूजा एक्स-रे सेन्टर में अब कम्प्यूटराइज्ड डिजीटल अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन का शुभारम्भ किया गया है। वनांचल क्षेत्र के मरीजों को डिजीटल एक्स-रे के लिए ब्लाक मुख्यालय से लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय जाना पड़ता था। जिससे उन्हें समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा था। इन असुविधाओं को देखते हुए छुरिया में डॉ. आहूजा एक्स-रे सेन्टर में अब पहले की अपेक्षा अत्याधुनिक तकनीक से स्पष्ट साफ एवं प्रमाणिक एक्स-रे, फोटो कापी की सुविधा नियमित रूप से प्रारंभ की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को अब संबंधित बीमारियों के ईलाज में सहुलियत मिल सकेगी। अब मरीजों को डिजीटल एक्स-रे के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। छुरिया में डिजीटल एक्स-रे की सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

## छुरिया में जलसंकट,नपं अध्यक्ष अजय पटेल ने किया तालाब का निरीक्षण

- नियमित रूप से साफ-सफाई करने के दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 04 अप्रैल।** नगर पंचायत छुरिया में जलसंकट की स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने आज तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिये हैं। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम ने नगर में स्थित दो तालाबों का निरीक्षण किया। जहां तालाबों के सूखे पड़े स्थल पर कूड़ा-कचरा को देखकर उन्होंने नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह को नियमित साफ-सफाई करने दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने नगर के वार्डों में पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों से चर्चा कर शीघ्र ही बिगड़े पड़े हेण्डपम्पों का मरम्मत करने का आश्वासन दिया है, एवं सुचारू रूप से नलजल योजना के तहत नगरवासियों को पेयजल के साथ निस्तारी की समस्या से निपटने के लिए कार्य योजना बनाकर शीघ्र ही तालाबों का गहरीकरण करने का भी प्रस्ताव रखा है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल के साथ, भूषण नेताम, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया, नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह, इंजीनियर अजय प्रधान, लिपिक टेमन साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## मोबाइल छीनकर भागने वाले युवक को पुलिस ने किया गिफ्तार



**राजनांदगांव, 04 अप्रैल।** पुलिस के अनुसार यवती ने मोबाईल को पकडकर अपनी सहेली के साथ कोचिंग से छूटकर गौरवपथ रोड पर पैदल जा रही थी तभी उर्जा पार्क के आगे पहुँची थी कि 02 अज्ञात व्यक्ति एक्टिवा काला रंग से आकर पीछे से प्रार्थिया के हाथ में रखे विवो कंपनी के मोबाईल को झपटमारी कर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 137/2025 धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी के पता तलाश हेतु थाना स्तर में टीम गठित कर टीम कर , घटना स्थल के क्षेत्रो में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया गया।

## शराब तस्करी मामले में 8 फरार आरोपी गिरफ्तार



- फार्म हाउस से कुल 432 पेटी, 3888 बल्क लीटर शराब किमती 2732670/- रु. को किया गया था जप्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 04 अप्रैल।** पुलिस को ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू का फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छ0ग0 का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है कि सूचना पर कार्यवाही करते हुये फार्म हाउस से कुल 3888 बल्क लीटर शराब कीमती 27,32670/- रूपये एवं घटना स्थल में स्थित मकान के अंदर बने तल घर से भारी मात्रा में खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त किया गया था। आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू अपने घर से फरार हो गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झा आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण के आरोपी के पता तलाश हेतु एक विषेश टीम (एसआईटी) टीम का गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया जिस पर गठित विशेष टीम द्वारा श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशानिर्देशन पर कार्य करते हुये घटना स्थल से जप्त सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का जांच किया।

### लगातार दम तोड़ रही है मोदी की गारंटी

## पंचायत सचिवों की हड़ताल को समर्थन देने पहुंची पूर्व विधायक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया, 04 अप्रैल।** छूरिया विगत माह भर से छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूरे पंचायत सचिव अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मांग भी वह है जिसका वादा खुद प्रदेश के भाजपा नेताओं ने स्वयं मुख्यमंत्री, मंत्री एवं सांसदों ने मोदी की गारंटी बताकर किया था। इस जायज मांग के लिए प्रदेश के सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं वहीं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में अंतर्गत छुरिया ब्लाक मुख्यालय में बैठे पंचायत सचिवो के पंडाल में खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, सोनू खान, पार्षद मनोज यादव, पूर्व एल्डरमेंन शकील कुरैशी सहित कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा इसके पहले भी प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है चाहे 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य एक साथ देने का वादा हो, जर्सी गाय देने का मामला हो, या बेरोजगारों को रोजगार देने का मामला हो, चाहे देश के प्रत्येक व्यक्ति को 15 लाख रुपए देने का वादा हो, प्रत्येक पंचायत में कैश काउंटर खोलकर किसानों को धान का रकम एक साथ देने का बात हो भाजपा सरकार हर मामले पर विफल नजर आई थी। अब प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता को ठगने के लिए मोदी की गारंटी नामक नया फार्मूला लेकर आई है। छन्नी साहू ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांव में बसती है, रोजगार गारंटी जैसे महत्वपूर्ण योजना और सभी पंचायत को पंचायती राज जैसे नियमों से मजबूत करने का काम कांग्रेस सरकार की देन है। कांग्रेस सरकार ने हमेशा से समाज के हर वर्ग के हितों का काम किया है और अभी भी हम कांग्रेस के कार्यकर्ता पंचायत सचिवों के साथ हर मोर्चे पर संघर्ष करने के लिए खड़े हैं।

## समाचार संक्षेप

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सपरिवार माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की



**राजनांदगांव 04 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज सपरिवार माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह, पुत्र एवं पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पुत्रवधु श्रीमती एश्वर्या सिंह सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, श्री भरत वर्मा, श्री भावेश बैद, श्री सुमित उपाध्याय, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी, ट्रस्टी श्री महेंद्र परिहार, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री योगेश, श्री विपुल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी सेवा कार्यः तेयुप



**रायपुर, 04 अप्रैल।** अपने त्रि-आयाम सेवा-संस्कार-संगठन के साथ सतत् गतिशील संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने मानव सेवा हेतु कृत संकल्पित महनीय उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जिसका संचालन रायपुर में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा किया जाता है के माध्यम से जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर के 2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव निमित्त समाज जनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके सामान्य स्वास्थ्य की जांच निःशुल्क रायपुर सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति - 2025 अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय आयोजन दिनांक 26 मार्च से 9 अप्रैल 2025 तक 3 टेस्ट प्रदान करते हुए की जा रही है। जिसका लाभ आज दसवें दिन शंकर नगर क्षेत्र में दिनांक 04/04/2025 को Thyroid/Sugar/CBC - 18 समाज जनों द्वारा लिया गया। जिसमें विशेष सहयोग लैब में कार्यरत सुषमा साह, प्रीती शर्मा का रहा। आज के स्वास्थ्य शिविर में स्व. माणिकचंद जी पुगलिया के आत्मश्रेयार्थ श्री सौरभ जी पुगलिया परिवार ने विशेष सहयोग किया। तेयुप से वीरेंद्र डागा, गौरव दुगड़, अंकित गोलछा, रिषभ बोथरा, निकुंज साचला, निर्मल गांधी कि सहभागिता रही।

## रेत के अवैध परिवहन और भंडारण पर की जा रही लगातार कार्रवाई





- एक हाईवा और एक जेसीबी जब्त, खनिज विभाग की कार्रवाई

**धमतरी 04 अप्रैल।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देश के बाद रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दो अप्रैल को विभाग के अधिकारियों ने एक हाईवा और एक जेसीबी मशीन को अवैध रेत के मामले में जब्त किया है। जिले के खनिज अधिकारी श्री हीरादास भारद्वाज ने बताया कि मगरलोड तहसील के मेघा क्षेत्र में अवैध रेत भण्डारण करते हुए एक जेसीबी मशीन और एक हाईवा को जब्त कर मंडी परिसर कुरूद में अभिरक्षा में रखा गया है। श्री भारद्वाज ने बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम, गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

## बंजारी-बगौद में निर्माणाधीन फूड पार्क का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- मरौद में भी ग्रामीणों से की बात

**धमतरी 04 अप्रैल।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद विकासखण्ड के बंजारी-बगौद में बन रहे फुड पार्क के कामों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस फुड पार्क में विकसित हो रही सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। श्री मिश्रा ने फुड पार्क में बचे हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने फुड पार्क में आबंटन के लिए शेष प्लाटों को औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार उद्योगों की स्थापना के लिए छूट व अनुदान के साथ आबंटित करने को भी कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरौद गांव में ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य रूप से पानी की आपूर्ति के बारे में पूछा। श्री मिश्रा ने गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नये सर्वे के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने को कहा। श्री मिश्रा ने बताया कि आने वाले समय में किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन जरूरी रहेगा। इसीलिए सभी किसानों को सहकारी समिति या सीएससी में जाकर अपना पंजीयन जरूर कराना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बगौद के मेगा फुड पार्क में लगभग 68 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया है। इस क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के लिए सभी कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। यहां 136 आद्योगिक प्लाटों मे से 98 प्लाटों को औद्योगिक संस्थानों को आबंटित किया गया है।

## एक नजर

### राज्यपाल डेका का हेलीपैड पर स्वागत



**सुकमा, 04 अप्रैल।** हेलीपैड में उनका स्वागत सुश्री दीपिका सोरी सदस्य राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगाराम मरकाम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् सुकमा, श्रीमती माड़े बारसे, सदस्य जिला पंचायत सुकमा, श्री विश्वराज सिंह चौहान, श्री नुपुर वैदिक, सहित अन्य अधिकारीयों ने आत्मीय स्वागत किया।

### माओवादी प्रवक्ता ने 7 अप्रैल को 3 जिला बंद करने का आह्वान किया

**सुकमा, 04 अप्रैल।** उपमपल्ली मुठभेड़ को लेकर नक्सलियों के प्रवक्ता साईनाथ ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि 7 अप्रैल को 3 जिला सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर बंद करने का आह्वान किया है। आपको बता दें 29 मार्च को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जहां 17 नक्सलियों को जवानों ने ढेर किया था। जिसको लेकर नक्सलियों ने अपना साथी मानते हुए 17 मारे गए नक्सलियों का 7 अप्रैल को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। माओवादी प्रवक्ता ने जगदीश को दरभा डिवीजन का सचिव रहना स्वीकार किया गया है।

### दावा-आपत्ति 8 अप्रैल तक

**सुकमा, 04 अप्रैल।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक के आवेदनों का जिला चयन समिति द्वारा परिक्षण कर दावा आपत्ति हेतु पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही है। जिस भी अभ्यर्थी को उनके विवरण में कोई भी आपत्ति हो तो कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुकमा की आवक जावक शाखा में 08 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति में केवल लिपिकिय त्रुटी में सुधार किया जावेगा, किसी भी प्रकार की दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला पंचायत सुकमा के सुचना पटल अथवा जिले के आधिकारिक वेबसाईट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते है।

### राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधारोपण



**सुकमा, 04 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष के पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**जगदलपुर, 04 अप्रैल।** मिथिला समाज द्वारा अनुपमा चौक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समाज के रूपेश झा ने बताया कि तीन व चार अप्रैल को विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। पांच अप्रैल को भी कार्यक्रम होगा। इस मंदिर का निर्माण 40 वर्ष पूर्व हुआ था। वार्षिकोत्सव पर अकंड रामायण पाठ किया गया। विशेष अनुष्ठान व भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। प्रति मंगलवार व शनिवार को गत`क वर्ष से मंदरि में अनुष्ठान किया जाता है।

### उपमुख्यमंत्री शर्मा का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**जगदलपुर, 04 अप्रैल।** उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व बस्तर जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा का जगदलपुर एयरपोर्ट में भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।



स्टेट प्लेन से विजय शर्मा रायपुर से जगदलपुर पहुंचे, स्वागत कार्यक्रम के बाद वह हेलीकॉप्टर से बीजापुर, सुकमा जिला के लिए रवाना होंगे।

# नक्सलियों के गढ़ रायगुड़ेम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लगाई पेड़ के नीचे जनचौपाल

- प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गृहमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं
- ग्रामीणों की मांग पर सिंचाई के लिए स्टॉपडेम बनाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 04 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा गुरुवार को अपने एक दिवसीय प्रवास में अति संवेदनशील क्षेत्र रायगुड़म पहुंचे। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई उप मुख्यमंत्री या गृहमंत्री पहली बार इस क्षेत्र में पहुंच हो। लंबे समय से नक्सलियों के कब्जे में रहे इस गांव में पहली बार किसी मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए जनचौपाल लगाई। विजय शर्मा ने कोंटा विकासखंड के रायगुड़ेम कैम्प में पहले सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात की और फिर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद डिप्टी सीएम श्री विजय शर्मा बाइक पर सवार होकर बीहड़ इलाकों से होते हुए ग्रामीणों तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर चौपाल लगाई और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।

विजय शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही इस क्षेत्र में विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आप सभी लोगों को नमस्ते बोले हैं।

मुख्यमंत्री साय का संदेश है कि कलेक्टर स्वयं खड़े होकर आप सभी लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सब कुछ बनायेंगे। गाँव के सभी नौजवान दीदी भैया लोगों को रायपुर घूमाने लेकर जाएँगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मिलवाएँगे। जल्द ही आपके गाँव में बिजली आएगी, सड़क बन ही रहा है। जितना स्टॉपडेम आपके खेत के सिंचाई के लिए होगी ओ सारे स्टॉपडेम बनाये जाएँगे। खेती के लिए बीज भी शासन के द्वारा उपलब्ध कराए जाएँगे। तेंदूपत्ता इस बार सरकार ख़रीदेगी इसलिए सरकार को इस बार तेंदूपत्ता बेचना है।

## जिला जेल की दीवार फांदकर एक कैदी फरार

- फरार कैदी सीएएफ का था जवान, चोरी के आरोप में था जेल में बंद
- तलाश में जुटी पुलिस, अब तक नहीं मिला कोई सुराग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 4 अप्रैल।** बीती शाम दंतेवाड़ा जिला जेल से एक कैदी के दीवार फांदकर फरार होने की घटना कारित हुई है। फरार कैदी का अब तक कोई सूराग नहीं मिल पाया है। जेल से फरार कैदी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में पुलिस अभिरक्षा से भागने के मामले में बीएनएस की धारा 262 के तहत अपराध कायम किया गया है। पुलिस फरार कैदी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। दंतेवाड़ा जिला जेल अधीक्षक जी.एस.शोरी ने घटना की जानकारी के संबंध में बताया कि गुरूवार शाम 4:30 बजे के करीब की घटना है जब कैदियों को नये जेल बैरक से निकालकर वी.सी. के लिए विडियो कांफ्रेसिंग कक्ष में ले जाया जा रहा था। इसी दौरान चोरी के मामले में बीते 6 माह से जेल में बंद आरोपी महेंद्र दीवान पिता फूलदास दीवान, चितालंका दंतेवाड़ा निवासी सेक्टर में तैनात दो सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर जेल के अंदर बनी सपोर्ट छोटी दीवार का सहारा लेकर उंची दीवार फांदकर जेल के पीछे वाले एरिया से भागने में कामयाब हो गया। श्री शोरी ने बताया कि उसके भागने में एक अन्य कैदी जिसका नाम प्रजवल मरकाम/पिता हड़मा, नि0 दुधीरास की भी भुमिका रही है। प्रजवल भी भागने के फिराक में था लेकिन वह भाग नहीं पाया। महेंद्र दीवान को भागते हुए पीछे साइड बने मोर्चे में तैनात सीएएफ के जवानों ने देख लिया था जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना जेल में दी गई। सायरन बजाकर पूरे जेल को अलर्ट किया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और कैदी महेंद्र दीवान जेल कालोनी की भी बाउण्ड्रीवाल को आसानी से फांदकर जंगल की ओर भागने में कामयाब हो चुका था।

**फरार कैदी सी.ए.एफ. का था जवान, चोरी के आरोप में 6 माह से जेल में था बंद**-जेल सूत्रों के मुताबिक गुरूवार शाम जेल से फरार होने वाला कैदी महेंद्र दीवान दंतेवाड़ा के ग्राम-चितालंका का निवासी है। वह चोरी के आरोप में 09 अक्टूबर 2024 से जिला जेल दंतेवाड़ा मे बंद था। महेंद्र आदतन चोर है। महेंद्र दीवान छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के 22वें बटालियन का जवान था। चोरी के कई प्रकरण उस पर दर्ज था जिसके चलते उसे बर्खास्त किया गया था। उस पर आरोप है कि उसने 9वीं वाहिनी के कारली स्थित केंटिन में घुसकर ताला तोड़कर लॉकर में रखा करीब 8 लाख रूपए उड़ा लिया था। जांच में पक्के ठोस सबूत मिलने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ा था।

## कर्मा जयंती समारोह में विधायक हुए सम्मलित

**डोंगरगाव, 04 अप्रैल।** विधायक दलेश्वर ग्राम टोलागांव ओडार मे दिवान भेड़ी परिक्षेत्र के कर्मा जयंती समारोह मे बतौर मुख्य अतिथी सम्मलित हुए, इस अवसर पर उन्होने कहा जीवन मे हर व्यक्ति को अच्छा करने का अवसर मिलता है उस मिले अवसर का सदुपयोग कर स्वयं को साबित किया जा सकता है। उन्होने समाज के मांग पर,सामाजिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रू दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने की, विशिष्ट अतिथी श्रीमति जयश्री साहू, पूर्व जिला महामंत्री व तहसील के संरक्षक अमरनाथ साहू , जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव व जागृति यदु, जनपद सदस्य खुमान नेताम, सरपंच सुनीता भुवाल पटेल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष हेमंत साहू ने तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा किए जा रहे शिक्षा व रचनात्मक गतिविधियो की जानकारी दी।

## दिल्ली इंदिरा भवन में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक में सुशील,प्रेमशंकर हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 04 अप्रैल।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला बैठक में हुए सम्मिलित। छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब,चंडीगढ़, दिल्ली,गुजरात व महाराष्ट्र के भी जिलाध्यक्ष हुए शामिल। एआईसीसी द्वारा दिल्ली इंदिरा भवन में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी,नेता प्रतिपक्ष लोकसभा श्री राहुल गाँधी जी,संगठन महासचिव श्री के सी वेणुगोपाल जी, महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री सचिन पायलट जी, पूर्व मुख्यमंत्री व महासचिव श्री भूपेश बघेल जी,महासचिव श्री मुकुल वासनिक जी व सह प्रभारीगणों व पीसीसी चीफ छत्तीसगढ़ दीपक बैज जी की उपस्थिति में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की बैठक ली गई व संगठनात्मक मजबूती हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

## पर्यटन केद्रों में बढ़ेगी पर्यटकों के लिए सुविधाएं: हैरी जोसेफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनंदगांव, 04 अपैल।** भारतीय जनता पार्टी के जुझारू युवा नेता नीलू शर्मा को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने से छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा यह बात कहते हुए जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख व जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने समवेत तौर पर कहा कि कई पर्यटन केंद्र विकसित होंगे। वही पहले से मौजूद पर्यटन केदो में पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ेंगी। जनाब शेख व जोसेफ द्वय नेता ने आगे कहा कि नीलू शर्मा के जुझारू प्रवृत्ति से छत्तीसगढ़ में पर्यटन का तेजी से विकास होगा। पर्यटकों को पहले से अच्छी सुविधा मिलेगी तथा विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। जिससे छत्तीसगढ़ के राजस्व कोष में आशातित वृद्धि होगी। राजनांदगांव जिले में भी कई पर्यटन स्थल है जहां सुविधाओं की कमी कांग्रेस शासन काल में पिछले 5 साल के कांग्रेस शासन काल में बनी रही जो अब वह कमी दूर हो जाएगी। राज्य सरकार ने अंततः विभिन्न निकाय, मंडल के अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी हैद्य इस क्रम में पूर्व में भी वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके हैं।

## भाजपा का स्थापना दिवस मनाने बैठक में की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 04 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी का आगामी कार्यक्रम स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक जिला भर के प्रत्येक बूथ में मनाने को लेकर है जिला स्तरीय बैठक अटल सदन भाजपा जिला कार्यालय सुकमा में भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के नेतृत्व में रखा गया था । जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम ने भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा का इतिहास एवं विकास भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए । तब से लेकर अब तक करीब 45 वर्षों से मनाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, कोरसा सन्नू, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, भुनेश्वरी यादव, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, मड़कम भीमा, उपेंद्र चौहान, टी विजेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, पूर्व जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष हूँगाराम मरकाम कोंटा जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, सुकमा जनपद उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, छिंदगढ मंडल पूर्व अध्यक्ष अमर पोयाम सहित भाजपा पदाधिकारी आयता राम मंडावी, शेख जावेद, विक्रांत देव, प्रवीण बारसे, अनिल मंडावी, मुकेश जैन, कौशल्या दादडे, पूर्णिमा मंडल, सोभन गन्दामी, रंजीत बारठ, बुधराम मंड़ावी, मनोज पोडियामी जी सहित निर्वाचित जन प्रतिनिधि वा पंचो मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लक्ष्य के विरुध्द पीएम आवास पूरा करने के मामले में सुकमा जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर

- पीएम आवास योजना में प्रतिशत के आधार पर सुकमा जिला बस्तर संभाग में द्वितीय स्थान पर, ग्रामीणों का अपना घर पाने का सपना हुआ साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 03 अप्रैल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र और चेटीचंद के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ को ऊर्जा, ईंधन, गैस, रेल्वे, सड़क, शिक्षा और आवास की 33 हजार 700 करोड़ से अधिक रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी। श्री मोदी ने मोहभट्ठा ग्राउंड बिल्हा बिलासपुर में आयोजित मेगा इवेंट में कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबा कर विकास परियोजनाओं को प्रारंभ, लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। श्री मोदी ने सबके लिए आवास के सपने को साकार करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत छत्तीसगढ़ के 3 लाख ग्रामीण परिवारों को सामूहिक गृह प्रवेश कराया। साथ ही सांकेतिक रूप से कबीरधाम, जशपुर एवं बीजापुर के एक एक हितग्राहियों को खुशियों की चाबी भेंट किए। इस आवास योजना में सुकमा जिले के 1249 हितग्राही शामिल हैं। प्रदेश में आवास पूर्णता पर जिले की स्थिति - लक्ष्य के विरुद्ध आवास पूरा करने के मामले में सुकमा जिला बस्तर संभाग में प्रतिशत के आधार पर द्वितीय स्थान पर है। प्रथम स्थान पर बस्तर जिला है। उल्लेखनीय है कि पीएम आवास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सुकमा जिले को 19429 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इनमें से 12611 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है।10348 हितग्राहियों को प्रथम किस्त 4080 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त एवं 728 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि जारी किया गया था। इनमें से अभी तक 1249 आवास का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा शेष निर्माण कार्य प्रगतिशील है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी को आश्रय देना पुण्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। हमने उनके भरोसे और सपने को साकार किया है। उन्होंने विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ की विकास को और गति मिलेगी।

श्री मोदी ने विकास कार्यों के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के नेतृत्व में सुकमा जिले में नवनिर्मित पीएम आवासों में रंगोली, साज-सज्जा, दीप प्रज्ज्वलित कर पारंपरिक रीति रिवाजों से हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रमों के सुचारू संचालन तथा निगरानी के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना के साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल पावारास में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से

**सुकमा, 04 अप्रैल।** जिला मुख्यालय सुकमा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पावारास सुकमा में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रही है। प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 05 मई 2025 तक। अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 06 मई से 10 मई 2025, प्रवेश की अन्य आवश्यक 11 मई से 15 मई 2025 कार्यवाही। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा।÷महतारी दुलार योजना÷ अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिका से प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी द्वारा जारी पालक का मृत्य प्रमाण संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जायेगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जायेगा। रिक्त सीट के विरूद्ध अधिक पात्र आवेदक होने पर लौटरी से चयन किया जायेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिये।

## एनएमडीसी स्टील ने 2 मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन किया



**नगरनार, 4 अप्रैल।** समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दो मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन कर एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के नगरनार स्थित एकीकृत स्टील प्लांट ने अपनी स्थिरीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) की तुलना में हॉट मेटल उत्पादन में 100 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है, जब प्लांट ने अपने संचालन के पहले साढ़े सात महीनों में 966,468 टन उत्पादन किया था। अपने संचालन के दूसरे वर्ष में ही अपनी निर्धारित क्षमता का 60ल उत्पादन का आकड़ा प्राप्त करने के बाद, प्लांट चालू वित्तीय वर्ष में हॉट मेटल उत्पादन की 3.3 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की निर्धारित क्षमता तक पहुँचने के लिए अच्छी स्थिति आ गया है। 15 अगस्त 2023 को कमीशन हुए ह्रस्रु स्टील प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता की ओर लगातार बढ़ रहा है। यह एक मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र का प्रदर्शन करता है और परिचालन उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पिछले वित्तीय वर्ष में NSL ने अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की। पिछले वित्त वर्ष के अधिकांश समय में चुनौतीपूर्ण बाजार परिदृश्य से निपटने के बावजूद और प्लांट गेट पर ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण दो सप्ताह के उत्पादन और प्रेषण व्यवधान के बावजूद, NSL ने 1.45 मिलियन टन से अधिक हॉट रोल्ड (HR) कॉइल और शीट्स का विपणन करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की तुलना में बिक्री की मात्रा में 300 प्रतिशत से अधिक की पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जो NSL के बढ़ते ग्राहक आधार और मजबूत बाजार स्थिति को दर्शाता है।

## कोंटा से गोलापल्ली मार्ग नुलकातोंग में नवीन कैंप खोला गया



**सुकमा, 04 अप्रैल।** नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अबतक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 376 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 48 माओवादी को मार गिराने व 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है। जिला सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो में तेजी लाने हेतु श्रीमान सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ0ग0), कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री सूरजपाल वर्मा, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोन्टा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, खालीद खान कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ 218 वाहिनी सीआरपीएफ, उमेश प्रसाद गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, आकाश राव गिरपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल कोन्टा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन से संचालित ''नियद नेल्ला नार'' योजना के तहत जिला सुकमा एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प ''नुलक़ातोंग'' 31 मार्च 2025 को स्थापित किया गया। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में माओवादियों के अन्तर्राज्यीय गतिविधियों पर अंकुश लगेगा व नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आप-पास क्षेत्रों में निवासरत् ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें जैसे कि सड़क, पुल/पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, अच्छी शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी का विस्तार आदि की सुविधायें मिल पायेगा। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के आम-जन उत्साहित है। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 से अब तक जिला सुकमा में ''नियद नेल्ला नार'' योजना अन्तर्गत कुल 13 नवीन सुरक्षा कैम्प टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, पुलनपाड़, लखापाल, तुमालपाड़, रायगुड़ेम, गोलाकोण्डा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ेम, उसकावाया नुलक़ातोंग नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित की गई है। लगातार नवीन कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से 376 माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण किये एवं विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों में 48 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने तथा 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की गई है।

- कोंटा से गोलापल्ली, किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम

## बगैर स्वीकृति, महज वाहवाही लेने छात्रावास का लोकार्पण कर फंसे सांसद महेश कश्यप

**जगदलपुर, 04 अप्रैल।** यह आरोप बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने लगाया है श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद महज श्रेय लेने के उद्देश्य से सांसद महेश कश्यप द्वारा कलेक्टर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त पर दवाब बनाकर बकावंड ब्लाक मुख्यालय में सात वर्ष पहले बने 250-250 सीटर बालक-बालिक छात्रावास भवन का 13 जुलाई 2024 को न केवल लोकार्पण किया गया बल्कि वहां बजट के स्वीकृति के बगैर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। कार्यक्रम में छाती ठोककर दावा किया गया कि जो काम पांच साल में कांग्रेस सरकार नहीं कर सकी उसे हमने कर दिखाया, सांसद ने जमकर डबल इंजन की सरकार की वाहवाही बटोरी गई, हालांकि सांसद के प्रथम कार्यक्रम की सूचना न दिए जाने से भाजपा मंडल बकावंड द्वारा भी इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया गया। श्री बघेल ने कहा कि यही नहीं सत्र के दौरान सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने भी छात्रावास का निरीक्षण दिखावे के तौर पर अनेकों बार किया पर किसी ने भी स्वीकृति के बगैर दाखिल किए गए आदिवासी बच्चों की कोई सुध नहीं ली अब साल भर बाद भी शिष्यवृत्ति न मिलने से अंधकारमय हैं इतना ही नहीं बकाया शिष्यवृत्ति पटाने पालकों पर दवाब बनाया जा रहा है तथा इसके बगैर आगे की पढ़ाई छात्रावास में रहकर नहीं हो पाएगी इसकी अपरोक्ष रुप से धमकी दी जा रही है। विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि यह है भाजपा के सुशासन का चाल, चरित्र और कथनी और करनी का असली चेहरा छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे 80 छात्राओं को शिष्यवृत्ति नहीं मिली है जिसके एवज में वे दूरदराज गांव से जिला मुख्यालय पहुंच कभी इस दफ्तर तो कभी उस दफ्तर की खाक छान रहे हैं और शर्म की बात है कि अधिकारीगण और जनप्रतिनिधि अब अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने कहा कि छात्रावास का लोकार्पण कर तिलक चंदन लगाकर सांसद बस्तर महेश कश्यप द्वारा जिन 80 आदिवासी छात्राओं का प्रवेश कराया गया उनकी शिष्यवृत्ति का शासन से प्रबंध कराएं तथा इन छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए न भटकना पड़े इसकी समुचित व्यवस्था कर आगामी सत्र से 250-250 सीट की पूर्ति और संचालन व्यवस्था की स्वीकृति कराएं, नहीं तो छात्रावास की छात्राओं और पालकों के साथ उनके बंगले का घेराव कर बेमियादी धरना प्रदर्शन किया जावेगा।



# फिंगेश्वर के बीपीएम के कार्यों में समुचित प्रगति न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 4 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए कहा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, इसका पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण, मातृत्व सुरक्षा अभियान अन्तर्गत नियमित जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करने के साथ ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, बाल पोषण सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य सेवाओं में कम प्रगति वाले केन्द्रों के जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। फिंगेश्वर के बीपीएम द्वारा अधिकांश स्वास्थ्य इंडिकेटर्स में पीछे होने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी मरीजों को अस्पताल के व्यवस्था अनुरूप चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराये। संजीवनी एस्सप्रेस, महतारी एक्सप्रेस, मुक्तांजलि एक्सप्रेस, शासकीय एम्बुलेंस एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट की जानकारी लेते हुए कहा कि जो गाड़ियां काफी पुरानी हो गई है। ऐसे वाहनों को राईटअप कराये। मोबाईल मेडिकल यूनिट में चिकित्सक नहीं होने पर संबंधित एजेंसी का भुगतान रोकने के निर्देश दिये।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से



शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए कहा कि प्रसव के दौरान महिला और शिशु की सुरक्षा के लिए ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने गर्भवती माताओं का निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शत प्रतिशत पंजीयन एवं एएनसी जांच कराने, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड सहित अन्य आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों, मैदानी स्तर के अमलो के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जी.आर. मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल सहित सभी विकासखंड के बीएमओ, संबंधित नोडल अधिकारी, बीपीएम एवं संबंधित प्रभारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु की टीम स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कर उपचार करें। कलेक्टर ने बैठक में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए आवश्यक मात्रा में दवाइयां भंडारण करने, बीएमओ एवं सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने तथा अस्पताल में उपलब्ध अधोसंरचना का बेहतर से बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने एवं सर्व सुविधायुक्त बनाए रखने की बात कही। ताकि विशेष परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को इलाज में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को उनके निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की सेवा करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए नियमित क्षेत्र भ्रमण करने कहा। जिन क्षेत्रों में बीमारी फैलने की संभावना अधिक रहती है, ऐसे क्षेत्रों पर स्वास्थ्य टीम पहले से पहुंचकर उनके रोकथाम के लिए आवश्यक पहल करें। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित अन्य सभी योजनाओं की भी समीक्षा कर योजनाओं में प्रगति लाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों को प्रतिदिन बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## एक नजर

### पीएम आवास योजना में छूटे पात्र हितग्राही 15 अप्रैल तक सूची में जुड़वा सकते है नाम

**गरियाबंद, 4 अप्रैल।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत् योजना से वंचित उन पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए आवास प्लस 2.0 के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। वंचित पात्र हितग्राही 15 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण में अपना नाम शामिल करा सकते हैं। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ लेने के लिए अपने ग्राम पंचायत के प्रगणकों से संपर्क करें और सर्वेक्षण में अपना नाम शामिल कराएं। हितग्राही अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते है, साथ ही हितग्राही स्वयं से ऐप के जरिए भी सर्वेक्षण में शामिल हो सकते हैं। कलेक्टर के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले के सभी जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्र को प्रगणक नियुक्त किया गया है। प्रगणक द्वारा आवास प्लस 2.0 एप के माध्यम से सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही, कोई भी व्यक्ति स्वयं इस एप के जरिए सर्वे कर सकता है।

### जिले में राजस्व पखवाड़े का आयोजन 7 से 21 अप्रैल तक

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु रायगढ़ जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 7 से 21 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपर्वतन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, किसान किताब, आय जाति निवास प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन लिए जायेंगे। जिसका शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।राजस्व पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों के संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये जा रहे है। राजस्व पखवाड़ा आयोजन संबंधी सम्पूर्ण गतिविधियों के लिये जिला स्तर पर अपर कलेक्टर रायगढ़ श्री रवि राही नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। राजस्व पखवाड़े का मुनादी ग्राम, तहसील एवं जिला स्तर पर किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान आयोजित शिविर में संबंधित ग्राम के पटवारी, राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहेंगे। जिससे जनसामान्य को अधिक से अधिक योजना का लाभ मिल सके।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ने रत्नी अगरिया को दिया एक नया आशियाना




**रायगढ़, 4 अप्रैल।** घर सिर्फ ईंट और सीमेंट से बनी एक चारदीवारी नहीं, बल्कि सपनों का एक आशियाना होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सैकड़ों लोगों के लिए यह सपना हकीकत बन रहा है। पीएम आवास योजना के तहत आज जनपद पंचायत तमनार के ग्राम पंचायत महलोई निवासी रत्नी अगरिया के पक्के आवास का सपना भी पूरा हो चुका है। महलोई निवासी रत्नी अगरिया अपने कच्चे मकान में रहकर रोजी-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उन्होंने अपने बेटे का विवाह तो कर दिया, लेकिन खुद के लिए एक सुरक्षित आशियाना बना पाना उनके लिए कठिन था। बरसात के दिनों में उनके टुटे कच्चे मकान में पानी भर जाता था, जिससे घर में गंदगी और बीमारियों का खतरा बना रहता था। लेकिन जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें पक्के मकान के लिए सहायता राशि मिली, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

उन्होंने इस राशि से अपने नए घर का निर्माण पूरा कर बीते 30 मार्च 2025 को चैत्र प्रतिपदा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर गृह प्रवेश किया। इस खास दिन पर रत्नी अगरिया ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब मैं अपने पक्के मकान में खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हूं। पक्का आवास बनने से अब बारिश का डर नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ने मुझे नई जिंदगी दी है।

# कलेक्टर ने वाटरशेड यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 4 अप्रैल।**भारत सरकार, भूमि संसाधन विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास इकाई 2.0 के परियोजना क्षेत्र अंतर्गत वाटरशेड विकास गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाने और जन जन तक जल एवं मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी वाटरशेड यात्रा आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जी.आर. मरकाम ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से वाटरशेड यात्रा के प्रचार प्रसार वैन एवं बाईक रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रचार रथ वाटरशेड मिशन के अंतर्गत आने वाले गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के कुल 42 गांव में भ्रमण कर लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के संबधं में जागरूक करेगा। प्रचार प्रसार वैन का परियोजना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण एवं विडीयों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। परियोजना क्षेत्र के भ्रमण पश्चात पानी की पाठशाला, नुक्कड़ नाटक, भूमि पुजन, श्रमदान, कलश पूजा, शपथ ग्रहण एवं कलश यात्रा आदि कार्यक्रमों का आयोजन जलग्रहण समिति सढ़ौली में किया गया। स्कूलों में जल एवं मृदा संरक्षण हेतु जागरूगता लाने चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया।सढ़ौली में आयोजित वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती लालिमा ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, जनपद पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष श्री सोहन ध्रुव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उप संचालक कृषि श्री चंदन कुमार रॉय द्वारा स्वागत उद्बोधन में योजनांतर्गत जिले के विकासखंड गरियाबंद एवं देवभोग में संचालित परियोजना अंतर्गत कृत गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुए वर्षा जल का संरक्षण कर समुचित रूप से उपयोग करने एवं ग्रीष्मकालिन धान के स्थान पर दलहन-तिलहन फसलों को लगाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया। लोगों को बताया गया कि पीएम आशा योजना के तहत दलहन तिलहन भी एमएसपी पर क्रय कर रही है। इच्छुक कृषक अपना पंजीयन निकटस्थ सहकारी समितियों में करा लेवे तथा अधिकाधिक कृषकगण बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराकर एमएसपी से अधिक मूल्य पर अपना उत्पाद बीज प्रक्रिया केन्द्र गरियाबंद में विक्रय कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में भू जल के अत्यधिक दोहन से भविष्य में इसके दुष्प्रभाव को समझाते हुए जल संवर्धन हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पानी की पाठशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. प्रवीण जामरे द्वारा जल एवं मृदा संरक्षण की विस्तृत रूप से व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एन.जी.ओ. एग्रोकेट सोसायटी फॉर रूरल डेव्हलपमेंट के अध्यक्ष श्री धीरेन्द्र मिश्रा के द्वारा जलग्रहण के सिद्धांत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र के कृषक एवं ग्रामीणों सहित जनपद पंचायत गरियाबंद के जनपद उपाध्यक्ष श्री लेखराम साहू, जनपद सदस्य श्री मुकेश चंद्रवंशी, श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर सरपंच ग्रा.पं. सढ़ौली, श्रीमती शिवकुमारी ध्रुव ग्रा.पं. मजरकटा, क्षेत्रिय जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी गण एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## शाम को तेज हवा के बाद झमाझम बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा



**बीजापुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार की शाम अचानक मौसम के बदलने से बीजापुर एंव आसपास के क्षेत्रों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया हालांकि इस बारिश और हवाओ से आम लोगों को भीषण गर्मी से जरूर राहत मिली है पर बारिश एंव तेज हवाओं के चलते बीजापुर की विधुत सेवा ठप्प हो गई सेवा बाधित होने का यह सिलसिला. देररात तक चलता रहा क ई बार सेवा के बाधित होने से लोगों को काफी परेशानी हुई इसके अलावा नगर के मध्य लगे डिवाइडर के तार मे शार्ट सर्किट से आग लगी जो कुछ देर बाद बुझ तो गई पर सूचना के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी वहाँ. नहीं पहुंचा गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हो पाया

**पूर्व में भी मीडिया के माध्यम से** -डिवाइडर के उपर बिजली के तार बिछाये जाने पर आपत्ति की गई थी लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया बल्कि मिडिया को ही धमकाने का प्रयास किया गया यदि उस समय व्यवस्था सुधार ली गई होती तो ये स्थिति उत्पन्न नहीं होती यहाँ. यह भी उल्लेखनीय है की बिजली खम्भे मे लगे तिरंगे लाईट कई जगह खराब भी हो गए है जिसको सुधारने की कोई पहल नहीं हो रही है इसके संधारण की जिम्मेदारी किस पर है यह भी किसी को नहीं मालूम नगर मे न ई सरकार बन गई है कया वे इसे सुधारने का प्रयास करेंगे यह आम जनता जानना चाहती है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही कर रहे हैं आदिवासी बच्चियों का शोषण: नीना रावतिया उद्दे

**बीजापुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से तेलंगाना के मुलगु जिले में मजदूरी करने गई एक आदिवासी बच्ची के साथ के मुलगू जिले के भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा दुष्कर्म किए जाने की निंदा करते हुए जिला पंचायत सदस्य और छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री नीना रावतिया उद्दे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जो लोग बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देते थे वही लोग बेटियों का दुष्कर्म कर रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के लोगों को रोजगार देने में पूरी तरह विफल है यही कारण है कि प्रदेश के युवा बेरोजगार दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और मासूम आदिवासी बच्चे दुष्कर्म जैसे घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों को रोजगार और सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम हो चुकी है।



## समाजसेवी की पहल से इलेक्ट्रानिक प्याऊ की हुई व्यवस्था

**पत्थलगांव, 4 अप्रैल।** श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल की पहल के बाद अब राहगीरो को अपनी प्यास बुझाने के लिए ठंडा एवं शीतल जल मिलने लगा है। सार्वजनिक प्याउ की कमी को देखकर यह कदम उठाया गया है,दरअसल पहले गर्मी के शुरूवाती दिन से ही शहर मे अनेक जगहो पर समाजसेवियों द्वारा प्याउ की व्यवस्था कर दी जाती थी,नगर पंचायत द्वारा भी सार्वजनिक स्थानो पर प्याउ बनाये जाते थे,परंतु कुछ सालो मे सार्वजनिक प्याउ की संख्या मे काफी कमी देखने को मिल रही है,जिसके कारण भरी गर्मी के बीच राहगीरो को शीतल पेय की कमी खल रही थी। ऐसी स्थिती मे राहगीर अपनी प्यास बुझाने के लिए बाजार मे बिकने वाले महंगे मिनरल बॉटल खरीदकर अपनी प्यास बुझाते थे,राहगीरो की परेशानी को जरा सा कम करने के लिए समाजसेवी सुशील अग्रवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 06,07 की मुख्य सडक पर इलेक्ट्रानिक प्याउ स्थापित किया है,जिसके बाद इस प्याउ से दिनभर सैकडो राहगीर ठंडा एवं शुद्ध पेयजल प्राप्त कर अपनी प्यास बुझा रहे है। इस मौहल्ले मे रहने वाले प्रवीण गर्ग का कहना था कि व्यस्त जीवन मे दूसरे की चिंता करने वाले लोगो की संख्या दिन प्रतिदिन घटते जा रही है,पहले गर्मी की शुरूवात के साथ ही देशी मटके मे पानी भरकर बाहर से आने वाले लोगो के अलावा मुसाफिरो की भी प्यास बुझाने का इंतजाम कर दिया जाता था,परंतु अब समय के साथ-साथ लोगो की सोच एवं यह परंपरा विलुप्त हो रही है। ऐसे समय मे इलेक्ट्रानिक प्याउ की शुरूवात कर राहगीरो की प्यास बुझाने के लिए श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष की ओर से उठाया गया यह कदम निश्चय ही प्यासे कंठो को पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाजसेवा मे भी सार्थक कदम साबित होगा।।

**सत्यनारायण समिति ने भी की प्याऊ की व्यवस्था-:**भरी गर्मी के दिनो को देखते हुये सत्यनारायण सेवा समिति के परिसर मे आज प्रख्यात पुरोहित भक्ता महाराज के हाथो सार्वजनिक प्याउ की शुरूवात की गयी,इस दौरान यहा मंदिर समिति के एक दर्जन से भी अधिक सदस्य मौजुद थे।

## जिंदल बजाज छठवीं बार मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में सेल्स में रहा अव्वल



**पत्थलगांव, 4 मार्च।** शहर के टू व्हीलर शोरूम के संचालक का रायपुर मे आयोजित एक समारोह के दौरान सम्मान हुआ है। यह सम्मान समारोह टू व्हीलर कंपनी बजाज द्वारा एक निजी होटल मे संचालित किया जा रहा था,जहा छत्तीसगढ के दर्जनो शोरूम संचालक डीलर उपस्थित थे। शहर मे स्थित जिंदल बजाज लगातार छठवीं बार सेल्स मे टॉप पर रहा है,जिंदल बजाज के युवा व्यवसाई ऋषभ खजांची जिंदल को पूरे महाकौशल और छत्तीसगढ़ में सेल्स में टॉप करने पर अवार्ड मिला है,युवा व्यवसायी ने बताया कि यह अवार्ड पूरे पत्थलगांव वासियों एवं उनके ग्राहको का है,जिनकी बदौलत उन्हे ये उपलब्धी हासिल हुयी है,उन्होने सभी का आभार जताया।।

## ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 21 अप्रैल तक

**बीजापुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी जो छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य में अध्ययनरत हो विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 03 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 03 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 03 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक निर्धारित है। इसके पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर प्रदान नही किया जाएगा। उन्होने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बीजापुर जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑर्डर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2024-25 से छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही सत्र 2024-25 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय किया जाना है। ओटीआर की प्रविष्टि के संबंध में संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

## प्रबंधक के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला यूनियन बीजापुर के प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में रिक्त प्रबंधक के पद पर नियुक्ति करने हेतु प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति क्षेत्र के स्थायी निवासरत ऐसे परिवार के सदस्य से आवेदन आमंत्रित किया गया है जो कि नियुक्ति के पूर्व के पांच वर्ष में से कम से कम तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो। वहीं आवेदन पत्र कार्यालय प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन बीजापुर से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2025 तक केवल रजिस्टर्ड डाक द्वारा ही मान्य किया जावेगा।

# कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन की समीक्षा की

**गरियाबंद, 4 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जल शक्ति अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण, संवर्धन एवं वृक्षारोपण के लिए कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में जल संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयास एवं कार्य योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे गतिविधियों की भी जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग एस के बर्मन ने बैठक में बताया कि जल संरक्षण के लिए जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल बचाने जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल स्त्रोतों के बचाव एवं वाटर लेवल बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही वर्षा जल बचाव के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी शासकीय भवनों में लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आमजनों को भी अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने जल स्त्रोतों के नियमित रखरखाव एवं जल बचाव के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के बर्मन, पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री विप्लव घृतलहरे, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता श्री रामेश्वर सिंह, कृषि विभाग के उप संचालक श्री चंदन रॉय एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले के महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत जिले में विगत 02 वर्षो में 75 अमृत सरोवर, 326 तालाब निर्माण (सामुदायिक एवं व्यक्तिगत), तालाब गहरीकरण के कुल 327 कार्य डबरी निर्माण के कुल 77 कार्य, चेकडेम 38 कार्य, कूप निर्माण 94 कार्य, तथा सोकपिट के 3448 कार्य एवं वाटर शेड के साथ - साथ सिंचाई नाली निर्माण कार्य किया गया है। इसके अलावा जल संवर्धन के लिए तालाब निर्माण कार्य से सिंचाई, मछली पालन एवं जल संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। चेकडेम निर्माण के तहत लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से कृषि भूमि का सिंचाई किया जा रहा है। जिससे पानी के रुकने से भूमिगत जलस्तर पर भी सुधार हो रहा है। हैंडपंप एवं अन्य जल निकास के अंतिम बिन्दु पर स्वच्छ भारत मिशन एवं नरेगा के माध्यम से जिले में सोकपिट का निर्माण किया गया है।

कलेक्टर ने कहा की पहले जल स्त्रोत के रूप में उपयोग होने वाले ऐसे संरचनाएं जिसमें अब पानी कम हो गया हो, ऐसे जल संरचनाओं की पहचान कर वाटर रिचार्ज एक्टिविटी संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम पानी वाले क्षेत्रों खासकर देवभोग क्षेत्र में विशेष कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे पानी की कमी वाले इलाकों में राहत मिल सके जी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जल संरक्षण के कार्यों को गंभीरता पूर्वक संचालित करने तथा जल जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जल संचय एक जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के सभी जल स्त्रोतों के संरचनाओं के लिए संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने इस कार्य को गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को कहा कि गांवों में जा-जाकर धान के बदले अन्य फसल जैसे दलहल, तिलहन सहित अन्य फसल लेने के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए उन्हें समझाईश दे। पीएचई के कार्यपालन अभियंता ने जल स्त्रोत स्थिति के बारे में बताया कि जिले के 666 ग्राम पंचायतों में 10 हजार 143 हेंडपम्प स्थापित है। 874 नल जल योजना, 342 सिंगल फेस पावर पंप एवं 460 सोलर पंप स्थापित है। वन विभाग द्वारा बताया गया कि वर्षा ऋतु के दौरान विभिन्न विभागों के समन्वय से 13 लाख 62 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा बताया कि जल संवर्धन संचालित योजना के तहत डब्ल्यू डी सी- पीएमकेएसवाय 2.0 के तहत देवभोग विकासखण्ड के 31 ग्रामों तथा गरियाबंद विकासखण्ड के 11 ग्रामों में कार्य किये जायेंगे। इसके अलावा पौध रोपण, कूप निर्माण, भूमि सुधार, मेंढ़ निर्माण, चेक डेम तथा डबरी निर्माण, तालाब जीर्णोद्धार, नाला निर्माण एवं सिंचाई नाली निर्माण करायें जायेंगे। जल संसाधन विभाग द्वारा मई माह तक पानी से गाद निकालना सफाई कार्य, जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य, छोटी नदी-नालों सहित अन्य कार्य कराये जायेंगे। इसके अलावा शासकीय कार्यालय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराये जायेंगे।

### सर्पदंश के दो प्रकरण में वारिसानों को 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** अनुविभाग खरसिया एवं धरमजयगढ़ अंतर्गत सर्पदंश के कारण दो लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर मृतक के नजदीकी वारिसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-सिसरिंगा निवासी गुरूप्रीत अगरिया की 5 अगस्त 2024 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता देवालराम को 4 लाख रुपये तथा तहसील खरसिया के ग्राम कालोनीपारा निवासी गोकुल प्रसाद राठिया की 18 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी गेंदबाई राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## यातायात नियमों को लेकर सख्त हुई ट्रैफिक पुलिस

**बीजापुर।** यातायात सुरक्षा माह के दौरान यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान में यातायात नियमों और सड़क दुर्घटना से बचाव की जानकारी देने बदले ट्रैफिक पुलिस अब नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 24 हजार रुपए समन शुल्क की वसूली की है।

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव की निर्देशन पर उप पुलिस अधीक्षक बीजापुर (यातायात नोडल) विनीत कुमार साहू के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग बीजापुर द्वारा दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से मालवाहक वाहन, बस में परमिट नहीं होने, कार चालकों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने एवं दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं पहनने एवं तीन सवारी बिठाने, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों से कुल 36 प्रकरण कार्यवाही करते हुए कुल 23900/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। इसके साथ ही वाहन चालको को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हिदायत दिया गया। इस कार्रवाई में यातायात (ट्रेफिक) पुलिस एवं परिवहन विभाग बीजापुर के अधिकारी कर्मचारियों का पूरा योगदान रहा।

# मोदी की गारंटी से पीछे हट रही राज्य सरकार : इंद्र साव

## पंचायत सचिवों के धरना स्थल पहुंच विधायक इंद्र साव ने किया समर्थन, सचिवों की हड़ताल से गांवों में कामकाज ठप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 4 अप्रैल।** अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देने विधायक इन्द्र साव धरना स्थल पहुंच कर उनकी मांग को जायज बताते हुए कहा कि मोदी की गारंटी थी तो राज्य सरकार पंचायत सचिवों को धरना प्रदर्शन हड़ताल करने क्यों मजबूर कर रही है, जबकि पंचायत सचिव पंचायत के एक अभिन्न अंग है। पंचायत सचिव की हड़ताल में गांव का पूरा कार्य ठप्प पड़ गया है।

जनपद पंचायत कार्यालय के सम्मुख धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवों की मांग को अब तक पूरा हो जाने वाली मांग बताते हुए विधायक इंद्र साव ने कहां कि चुनाव के समय भाजपा ने पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था।वही भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताते हुए इसे अपने घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से स्थान दिया था अब सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। श्री साव ने कहा कि सरकार को बने सवा साल से भी ज्यादा समय हो गया है। फिर भी राज्य सरकार अब तक सकारात्मक निर्णय नहीं कर पा रही है। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि ग्रामीण जनता के पीड़ा को शासन तक पहुंचाने और जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने पंचायत सचिव इस शासन में शोषित और उपेक्षित है। पंचायत सचिवों का राज्य स्तरीय सम्मेलन 7 जुलाई को इन्डोर स्टेडियम रायपुर में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ था उस वक्त भी पंचायत सचिवों की शासकीयकरण करने समिति का गठन कर समिति की रिपोर्ट आने पर मांग पूरा करने की बात प्रदेश के मुखिया ने की थी लेकिन 9 माह पूरा होने जा रह है लेकिन ना तो कोई रिपोर्ट का पता है और ना ही कोई घोषणा पूरी हुई।



विधायक साव ने आगे कहा कि सचिवों की हड़ताल के चलते ग्रामीण अंचल में मूलभूत कार्य, निर्माण कार्य, पेंशन राशि, जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित वर्तमान में पेयजल की भारी समस्या से गांव गांव के लोग व्याकुल और व्यथित है, लेकिन राज्य सरकार के कान में अब तक कोई जू नहीं रेंग रही है।

विधायक साव ने कहां कि छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता से बड़े-बड़े जुमले हांक कर सत्ता प्राप्त करने के पश्चात प्रदेश भाजपा सरकार की कथनी और करनी का पर्दाफाश हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार जनता को झूठा आश्वासन देकर सिर्फ ठगने का काम किया है। इसलिए किसान, मजदूर एवं कर्मचारी आक्रोषित एंव परेशान है।पंचायत सचिव पंचायत में सरकार के प्रमुख अंग होते है, इसलिए इनकी जायज और बहुप्रतीक्षित मांग को राज्य सरकार अविलंब पूरा करे।

## समाचार संक्षेप

### भाटापारा प्रेस क्लब के सदस्यों का हारून रजा के निवास पर ईद मिलन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 4 अप्रैल।** अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब के सदस्य हारून रजा के निवास में प्रेस क्लब के सदस्यों का ईद मौके पर स्वल्पाहार का कार्यक्रम रखा गया उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब के संरक्षक संतोष अग्रवाल ने त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां की बुजुर्गो के द्वारा बनाई गई व्यवस्था के चलते वर्तमान में आपसी भाईचारा एवं सद्भावनाओं का अनुपम संगम है तीज और त्योहार इसी कड़ी में उन्होंने प्राकृति के द्वारा प्रदत्त फ्लों की उपयोगिता के संदर्भ में कहां की उपासकों के अपने व्रत को पूर्ण करने में फ्लों का विशेष महत्व है जिससे वह अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी उपवासन पूर्ण करते हुए ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा का परिचय देते हैं तदउपरांत प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव तिवारी ने कहा कि त्योहार सामाजिक सद्भावना एवं संगठन क्षमता का एक अच्छा प्रतीक होने के साथ साथ ही आज ग्लोबलडिजिटल एवं टेक्नोलॉजी के युग में त्योहारों के मौके पर एक दूसरे से लोगों से रूबरू मुलाकात करते हैं जिससे आपसी विचार विमर्श एक दूसरे का हाल-चाल जानते हैं और मानसिक शांति का अनुभव करते हैं उक्त कार्यक्रम में प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष राजकुमार मल जुगल किशोर तिवारी समीम खान वीरेंद्र उपाध्याय अभिषेक मिश्रा माखन शत्रुघ्न साहू नितेश राज गुप्ता उपस्थित थे और उन्होंने हारून रजा एवं मोहम्मद समीम खान को ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### राज्यपाल रमेन डेका का कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत, दिया गार्ड ऑफ़ऑनर



**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार को बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के प्रवास पर पहली बार जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। राज्यपाल का सर्किट हॉउस बलौदाबाजार मे कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं वन मण्डलाधिकारी मयंक ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका को पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ़ऑनर की सलामी दी गई। इस दौरान एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने मां के नाम जिला कार्यालय परिसर में किया पौधारोपण



**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज बलौदाबाजार प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी माताजी स्व. चंपावती डेका के नाम पर मौलश्री का पौधा रोपण किया।

### मां कर्मा जयंती में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा



**तिल्दा-नेवरा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा तहसील साहू संघ तिल्दा ग्राम एवं शहर इकाई द्वारा आयोजित मां कर्मा जयंती महोत्सव एवं राजिम सदन भवन का लोकार्पण आयोजित किया जिसमें गरिमामय उपस्थिति प्रार्थनीय रही। जिसमें छ. ग़. शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा (राजस्व, खेल, युवा कल्याण एवं आपदा प्रबंधन ), रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, रायपुर साहू समाज जिलाध्यक्ष देवनाथ साहू , जिला पंचायत सदस्य श्रीमति शैल महेंद्र साहू, जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, , तिल्दा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू , अध्यक्ष तिल्दा साहू संघ पोषण साहू , तहसील साहू संघ सचिव डागेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष डॉ शिवकुमार साहू , उपाध्यक्ष गिरेंद्र साहू एवं समाज के वरिष्ठ, युवा सामाजिक कार्यकर्ता सैकड़ों संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्राम डोंगरीडीह में घटित हत्याकांड का 48 घंटे में पर्दाफाश

# 3 अपचारी बालक सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

- मामले में 14 वर्षीय बालक की बेल्ट से गला घोंटकर कर दी गई हत्या
- बालक की हत्या करने के लिए 50, 000 की दी गई थी सुपारी
- आरोपियों में मृतक बालक की सौतेली मां एवं सगी चाची मुख्य षड़यंत्रकर्ता
- हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को रेत में दफना दिया था
- सौतेले पुत्र के लिए ताने मारने एवं अवैध संबंध होने के शंका पर से परिवार में अनबन बना हत्या की मुख्य वजह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल।** 1 अप्रैल को ग्राम डोंगरीडीह महानदी किनारे एक 14 वर्षीय बालक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। कि सूचना पर थाना लवन का पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच घटनास्थल निरीक्षण एवं शव पंचनामा कार्यवाही किया गया। साथ ही एफएसएल की फॅरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल का सुक्ष्म निरीक्षण किया गया। उक्त शव 14 वर्षीय बालक का होना पाया गया, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना लवन में दर्ज कराई गई थी। तत्पश्चात शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। घटनास्थल निरीक्षण पर मृतक का गला दबाकर हत्या करना प्रतीत हो रहा था, जिस पर थाना लवन पुलिस द्वारा अपराध क्र. 170/2025 धारा 137(2), 103(1), 238, 61(2), 3(5) बीएनएस पंजीबध्द कर मृतक के परिजनों, ग्रामवासियों एवं संदिग्धों से पूछताछ प्रारंभ किया गया।

प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेही गोविंदा कोसले, मोगरा धृतलहरे, मीना धृतलहरे एवं 3 अपचारी बालकों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ किया गयास जिसमें हत्या के संबंध में यह तथ्य सामने आया कि- ग्राम डोंगरीडीह की मोंगरा बाई धृतलहरे एवं मीना द्वारा मृतक बालक को मारने के लिए 50,000 का सुपारी ग्राम सरखोर निवासी आरोपी गोविंदा कोसले को दिया गया था एवं मृतक बालक का फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल में भेजा गया। इसके बाद आरोपी गोविंद द्वारा हत्या करने के लिए 03 अपचारी बालकों को योजना में शामिल किया गया। योजना अनुसार 30 मार्च को रात्रि करीबन 8:00 बजे आरोपियों द्वारा मृतक बालक को बहाना बनाकर अपने साथ मोटरसाइकिल में बैठाकर महानदी ले जाया गया, जहां आरोपियों द्वारा बेल्ट से बालक का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दिया गया। हत्या करने के पश्चात आरोपियों द्वारा मृतक बालक के शव को रेत में छुपा दिया गया। तत्पश्चात सभी आरोपी वहां से भाग गए।

**हत्या का कारण-** मृतक बालक के पिता की दो पत्निया है। एक का नाम मीना धृतलहरे एवं दूसरे का नाम दुर्गा धृतलहरे है। मृतक दुर्गा धृतलहरे का पुत्र था। दुर्गा द्वारा सौतेली मां मीना बाई को मृतक बालक को भी अपने साथ रखने का ताने मारते रहती थी। साथ ही उसका कुछ देखभाल नहीं करने संबंधी बातें बोलकर भी ताने मारती थी, जिससे मीना धृतलहरे आक्रोषित थी। इसके साथ ही आरोपीया मोंगरा धृतलहरे जो कि मृतक की सगी चाची है, उसका भी मृतक परिवार के साथ अवैध संबंध की शंका पर से अनबन चल रहा था। उक्त बातों को लेकर दोनों महिलाओं द्वारा मृतक बालक की हत्या करवाने की योजना बनाई गई, जिसके लिए मोंगरा धृतलहरे के पूर्व परिचित ग्राम सरखोर निवासी आरोपी गोविंद कोसले से संपर्क कर उसे मृतक बालक की हत्या करने के लिए 50,000 की सुपारी दिया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को आज दिनांक 3 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**आरोपियों का नाम**

1. गोविंदा कोसले उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सरखोर थाना लवन
2. मोंगरा धृतलहरे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरीडीह थाना लवन
3. मीना धृतलहरे उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरीडीह थाना लवन
4. अपचारी बालक 03 नफर

# सीएसआर की राशि नहीं खर्च कर रहे है तिल्दा-नेवरा में संचालित उद्योग

### ग्रामीण को प्रारंभ में छोटा मोटा काम देकर उनका मुँह बंद करा दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 4 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र कहा जाता है यु तो यहाँ पर नित नए उद्योग लग रहे है और लगने से पहले उद्योगपतियों द्वारा ग्रामीणों को लुभावने सपने दिखया जाता है इसमें उनका सहयोग स्थानीय कुछ छुटभैया नेता और दलाल नुमा लोगो के बहकावे में आकर ग्रामीण को प्रारंभ में छोटा मोटा काम देकर उनका मुँह बंद करा दिया जाता है पर जब उद्योग स्थापित हो जाता है तब जिस गांव में संचालित किया जाता है वही के लोगों को रोजगार नहीं दिया जाता है तिल्दा नेवरा के आस पास बड़े बड़े उद्योग वर्षो से संचालित है सी एस आर मद की राशि का नाम मात्र खर्चा करके ग्रामीणों को गुमराह कर रहे है इनके द्वारा कभी गावों में छोटा मोटा शिविर लगवा दिया जाता है, स्कूलों में कुछ राशि खर्च कर इतिश्री कर लिया जा रहा है अगर इन उद्योगों की जाँच की जाये तो बड़ा गोल माल सामने आएगा और सही तरीके से सी एस आर मद की राशि खर्च किया जाये तो ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है

सरकारी नियम कहता है की कंपनियां सिर्फ अपना प्रॉफिट ही न देखें बल्कि अपनी आय का छोटा सा हिस्सा समाज के लिए भी खर्च करें। इस मंशा को लेकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में छ्स्क्र (Corporate Social Responsibility) के लिए पृथक कानून बना दिया, ताकि इस राशि से पिछड़े इलाकों का विकास हो सके और सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सशक्त बनाया जा सके।सीएसआर की राशि खर्च करने के लिए सरकार ने गाइडलाइन भी जारी की है, पर कंपनियों और अफसरों ने मिलकर इस में पलीता लगा दिया है। छ्स्क्रकी राशि में जमकर बंदरबांट चल रही है।

केंद्र द्वारा जारी गाइड लाइन के मुताबिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कुपोषण, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास जैसे तय मानकों आधार पर राशि खर्च करने का नियम तो बनाया गया है। ऐसा होने पर भी यह खर्च कम्पनियों के विवेक पर छोड़ दिया गया है कि वे इसे कहां खर्च करते हैं। जैसे छत्तीसगढ़ में कार्यरत एक कंपनी अपने सीएसआर का 90 फीसदी राशि स्वास्थ्य में खर्च करने का दावा करती है

### एसडीएम व सहायक विखं शिक्षा अधिकारी ने किया रायखेड़ा विद्यालय का औचक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 4 अप्रैल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायखेड़ा का एसडीएम आशुतोष देवांगन एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समग्र शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया गया और छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की स्थिति को भी परखा। जिसमें कक्षा 8 वी व 5 वी का केंद्रीयकृत परीक्षा का निरीक्षण करते हुए, कक्षा में उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या, शाला भवन की स्थिति, पेयजल सुविधा, कक्षा संचालन का समय सारणी, मध्यान भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति पर चर्चा किया गया, व विद्यार्थियों के लिए प्रदत्त सुविधाओं को सुचारू रूप से निरंतर जारी रखने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्कूल में संचालित रूम टू रीड बालिका शिक्षा कार्यक्रम कक्ष का विजिट कर कार्यक्रम से हुए बदलाव व प्रभावों पर चर्चा किया गया व आगामी कार्य योजना हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस दौरान संकुल प्रभारी प्राचार्य गजेंद्र कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक तुलसी राम साहू, नितिन अग्रवाल व रूम टू रीड के समझ दीपा पटेल सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### आईपीएल सट्टा खेलाते आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 4 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा में आईपीएल सट्टा खिलवाते एक युवक को पुलिस ने पकड़ कार्यवाही की है जो सराहनीय है लेकिन सैकड़ों सफेद पोश जो नकाब पहन कर देर रात्रि तक दुकानों में बैठकर आईपीएल सट्टा का संचालन करते है पुलिस को इस तरह के ऐप को छत्तीसगढ़ में वेन करना चाहिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अपराध क्रमांक - 125/2025 धारा 4(क) सार्वजनिक द्यूत अधि0, छ0ग0 संशोसन अधिनियम 1976 तथा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 दिनांक 3 अप्रैल को अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा खेलाते युवक गिरफ्तार किय गया। मोबाईल फोन से ऑनलाइन गजानंद एप के माध्यम से आईपीएल का सट्टा चला था आरोपी के कब्जे से 04 नग मोबाईल फोन, नगदी रकम 3400/रू, बैंक पासबुक 05 नग, चैकबुक 08 नग, एटीएम 08 नग, हिसाब किताब बुक 06 नग, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट कीमती लगभग 23400/रूपये का मशरूका जब्त किया गया है। आरोपी का नाम हर्ष पंजवानी पिता इन्दर कुमार पंजवानी उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्र0 06 स्टेट बैंक के पीछे तिल्दा, थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छग है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल की रात्रि में मुखबिर से सूचना मिला कि वार्ड क्र0 06 तिल्दा नेवरा में हर्ष पंजवानी के द्वारा अपने घर में मोबाईल फोन से ऑनलाइन गजानंद एप के माध्यम से आईपीएल का सट्टा चला रहा है कि सूचना पर निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के नेतृत्व में थाना तिलदा नेवरा पुलिस स्टाफएवं सायबर सेल रायपुर की टीम के द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी को रंगे हाथ आईपीएल में ऑनलाइन गजानंद एप्प के माध्यम से आई.डी. पर सट्टा खेलाते रंगे हाथ पकड़ा गया जिसके विरूद्ध धारा 4(क) सार्वजनिक द्यूत अधि0 एवं छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत् कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

### नाबालिग को शराब देने पर दुकान का मैनेजर गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली के धारा 34(02) आबकारी एक्ट के प्रकरण में अपचारी बालक को बालक कल्याण समिति जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें परामर्श एवं चर्चा के दौरान बालक द्वारा बताया गया कि आरोपी रोहन टंडन नामक व्यक्ति द्वारा उसके घर में 29 मार्च को विक्रय करने हेतु शराब छोड़कर गया था, जिसमें से प्रत्येक पौवा विक्रय करने हेतु ?20 के हिसाब से मेहनताना मिलता था। आरोपी शराब दुकान रवान में मैनेजर के रूप में कार्यरत है। जिस पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 336/2025 धारा 78 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख) और संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहन टंडन को हिरासत में लिया गया।



### प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन

# वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की जरूरत : राज्यपाल

- स्व सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्ति करण पर जोर
- सड़क दुर्घटना एवं मादक पदार्थों के परिवहन सहित बिक्री की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल।** राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार को बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल संचयन के कार्य, पौध रोपण, पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल डेका ने वर्षा जल संचय और जल एवं वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए वर्षा जल संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं प्रदुषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की बात कही।उन्होंने जल शक्ति अभियान, स्वच्छता, नशामुक्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना भी की।

राज्यपाल डेका ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल और स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। जल के अत्यधिक दोहन से जल संकट की स्थिति निर्मित होते जा रही है उसी प्रकार पर्यावरण भी प्रदूषित होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला औद्योगिक जिला है यहां बड़े कारखाने के साथ पत्थर खदाने भी है जिससे यहां वर्षा जल को सहेजना और भी ज्यादा जरुरी है। उन्होंने जंगलो की कटाई व नदी - नालों की सफाई पर जोर देते हुए कहा कि प्रति वर्ष वृक्षारोपण बड़े पैमाने पर होता है इन पौधों को लगाने से ज्यादा जरुरी इनकी देखभाल करना हैं। उन्होंने कहा कि यदि जंगल से पेड की कटाई न हो तो जंगल बचाए जा सकते हैं उसी प्रकार नदी - नालों को साफ रखेंगे तों पानी का बहाव नियमित रूप से होता रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर मॉनिटरिंग के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाया जाना चाहिए। जल स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न संरचनाओ का अधिक से अधिक निर्माण हो।



राज्यपाल डेका ने स्व सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को सक्षम बनाने कहा। उन्होंने यहाँ के उद्योगों मे स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने आवश्यक पहल करने कहा। विशेष पिछडी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजो मे अधिक से अधिक छात्रों को एनसीसी के लिए प्रोत्साहित करने कहा ताकि छात्रों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना, बौद्धिक विकास, समयबद्धता सहित शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या मे कमी लाने, छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

श्री डेका ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं शराब तथा अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की।राज्यपाल ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। युवाओ को नशा से दूर रहने तथा नशापान से ग्रसित लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने हेतु किए जा रहे सुधारात्मक उपाय तथा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में टी.बी. उन्मूलन अभियान के कार्यों के संबंध जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने वर्तमान में जिले में टी.बी. के कुल मरीजों की संख्या एवं उनके समुचित इलाज की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। डेका ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को टी.बी. के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा इसके रोकथाम हेतु मरीजों का कांउसलिंग कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधि की भी समीक्षा की। डेका ने जिले में रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की।

बैठक कलेक्टर दीपक सोनी, राज्यपाल के उप सचिव हिना अमिनेश नेताम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास शाखा)**
**जिला सुकमा (छ.ग.)**
Email:-dwcdsukma01@gmail.com टेलीफोन न. 07864-284554

क्रमांक/15/मबावि./स्था./2025-26 सुकमा, दिनांक 01/04/2025

**//अभिरूचि का प्रस्ताव सूचना//**

**निविदा जारी होने की तिथि-01-04-2025**

नीति आयोग के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन सुकमा, महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत चयनित 150 आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक जीवन कौशल विकास एवं बाल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए संस्थाओं के बीच सहयोगी साझेदारी के लिए ईसीसीई क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं से अभिरुचि प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। अभिरूचि प्रस्ताव दिनांक 21.04.2025 समय 12.00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुकमा में जमा किया जा सकता है। इसके पश्चात 21.04.2025 अपरान्ह 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा अभिरूचि प्रस्ताव की समीक्षा तथा एक निर्धारित तिथि एवं समय पर संस्था द्वारा पावर पाइंट्स प्रस्तुतीकरण और प्रदाय/उपयोग की जाने वाली सामग्री के नमूनों का अवलोकन के आधार पर चयन किया जावेगा।

इस संबंध में नियम शर्ते सामग्री की सूची के तय मानकों सहित एवं धरोहर राशि तथा सुरक्षा निधि इत्यादि की जानकारी सहित अभिरूचि प्रस्ताव प्रपत्र हेतु रूपए 1000.00 विभागीय मद '0235' सामाजिक सुरक्षा और कल्याण '02' विविध आय में जमा करके चालान की प्रति प्रस्तुत कर कार्यालय से कार्यालयीन दिवसों में अभिरूचि प्रस्ताव सूचना जारी होने की तिथि से दिनांक 18.04.2025 समय सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला मबावि अधिकारी**
**जिला-सुकमा छ.ग.**

जी-252600045/5

## एक नजर

### जैतू साव मठ में मनाई जाएगी रामनवमी

**रायपुर, 04 अप्रैल।** श्रीठाकुर रामचंद्र जी स्वामी जैतूसाव मठ सार्व.न्यास पुरानी बस्ती द्वारा जैतूसाव मठ में रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम जी की जन्म आरती होगी। 7 अप्रैल को दोपहर एक बजे राजभोग आरती तथा शाम पांच बजे से प्रसाद वितरण होगा। 12 अप्रैल को भगवान श्री राम की छट्ठी आरती के बाद दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### ऑफिस से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 04 अप्रैल।** अनुपम नगर खम्हारडीह स्थित ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पिंकु घोष 39 वर्ष गोरखा कालोनी न्यू शांतिनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके ऑफिस का ताला तोड़कर आलमारी में रखे कैमरा और हार्ड डिस्क पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तालाब के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 04 अप्रैल।** मठपारा स्थित चिरौंजी तालाब के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश देवांगन 38 वर्ष गभरापारा टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचटी 4899 को मठपारा स्थित चिरौंजी तालाब के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 04 अप्रैल।** मोवा पुलिस ने हीरो आरसन मोटर्स के पास एक सटोरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नग मोबाइल और नकदी 2100 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हीरो आरसन मोटर्स शोरूम के पास दबिश देकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते आरोपी चितेधर दीवान 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 नग मोबाइल और नकदी 2100 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मनोज कुमार के निधन पर सीएम साय ने जताया शोक

**रायपुर, 04 अप्रैल।** भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता मनोज कुमार के निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारतीय सिनेमा के सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। देशभक्ति फिल्मों के माध्यम से उन्होंने 'भारत कुमार' के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने आगे कहा कि मनोज कुमार का योगदान सिर्फ सिनेमा तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने राष्ट्रभक्ति की भावना को भी समर्पित भाव से प्रस्तुत किया। उनकी देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्में आज भी युवाओं को प्रेरित करती हैं। सीएम ने दिवंगत अभिनेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा, प्रभु श्रीराम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों और असंख्य प्रशंसकों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

### प्रदेश भर में बदली-बारिश के आसार

**रायपुर, 04 अप्रैल।** राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में मौसम ने करवट ले ली है. पिछले कुछ दिनों से आसमान में छाए बादलों और कहीं-कहीं हो रही बारिश का असर अब रायपुर में भी साफ नजर आने लगा है. बीते पांच दिनों में दिन का तापमान करीब 8 डिग्री तक गिर चुका है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है. गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा. मौसम विभाग के अनुसार अभी उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश और उससे सटे ओडिशा के ऊपर ऊपरी हवा में चक्रवात बना हुआ है. इस सिस्टम के कारण समुद्र से लगातार नमी आ रही है, जिससे वातावरण में ठंडक बनी हुई है. शुक्रवार को भी राजधानी में हल्के बादल छाए रह सकते हैं और कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई है. बस्तर के नांगुर में 10 मिमी बारिश हुई, जबकि बिलासपुर में 1.6 मिमी और जगदलपुर में हल्की बूंदाबांदी रिकॉर्ड की गई. पेंड्रारोड में भी गुरुवार को हल्की बारिश देखने को मिली. मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले दो-तीन दिनों तक प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है. फिलहाल, मौसम ठंडा बना रहने की संभावना है और अप्रैल के पहले सप्ताह तक गर्मी से राहत बनी रहेगी. हालांकि रविवार के बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ फिर से गर्मी महसूस हो सकती है।

# बीरगांव नगर निगम की बजट सामान्य सभा पानी-पानी

■ भाजपा के पार्षदों का हंगामा महापौर के टेबल पर डाला पानी



**रायपुर, 04 अप्रैल।** बीरगांव नगर निगम में बजट भाषण के दौरान बवाल खड़ा हो गया. बजट भाषण के दौरान विपक्षी पार्षदों ने पेयजल की समस्या को लेकर महापौर नंदलाल देवांगन के टेबल पर पानी उड़ेल दिया. दरअसल भाजपा पार्षद, महापौर के ऊपर पानी डालना चाह रहे थे। वे अपने साथ चार-पांच पानी का जार लेकर आए थे। सामान्य सभा कक्ष पानी-पानी हो गया था। इसके बाद सामान्य सभा में माहौल गरमा गया. महापौर नंदलाल देवांगन 2025-26 का बजट पेश कर रहे थे. इसी दौरान विपक्ष के पार्षदों ने उनके टेबल पर कैन से पानी डाल दिया और महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाए. बता दें, बिरगांव नगर निगम में महापौर ने 149 करोड़ रुपयों का बजट पेश किया. इस बीच विपक्ष के पार्षद गर्मी में पानी की समस्या को लेकर आक्रोशित थे. उन्होंने सामान्य सभा में बजट-भाषण के दौरान हंगामा खड़ा कर दिया। बाद में किसी तरह माहौल को शांत किया गया।

## जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था सम्मानित



**रायपुर, 04 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा दानदाता परिवार के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सेवा देने के लिए संस्था जिंदगी ना मिलेगी दोबारा को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर, दानशील परिवार ने संस्था को और भी अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी है। पूरे छत्तीसगढ़ में बड़े-बड़े दान कर दानशील अग्रवाल परिवारों ने एक मिसाल कायम की है।

ईश्वर ने हमें गिलहरी योगदान के लिए प्रेरित किया है। यह सम्मान व्यक्ति का नहीं, संगठन के प्रत्येक सदस्यों को समर्पित होता है, क्योंकि संस्था के प्रत्येक सदस्यों का सहयोग व समर्पण से संगठन सुचारू रूप चलता है। इसलिए, संस्था के प्रत्येक सदस्य को यह सम्मान समर्पित है। इस अवसर पर, संस्था संरक्षक व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती सुषमा तिवारी उपस्थित थी।

## वक्फ बिल अल्पसंख्यकों के हित में: रजा

**रायपुर, 04 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा में पारित और राज्यसभा में प्रस्तुत होना अल्पसंख्यकों के हित में एक बड़ा कदम है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। श्री रजा ने कहा कि आज पूरा देश और अल्पसंख्यक समुदाय इस संशोधन विधेयक के समर्थन में खड़ा है, सिर्फ कांग्रेस अपने साम्प्रदायिक तुष्टीकरण के एजेंडे के चलते इस विधेयक का विरोध कर रही है। कांग्रेस नहीं चाहती कि ऐसा कठोर प्रावधान हो।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री रजा ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध करके कांग्रेस देश और अल्पसंख्यक समुदाय को गुमराह कर विपरीत माहौल बनाने की साजिश कर रही है। कांग्रेस अपने मंसूबों में कतई कामयाब नहीं होगी क्योंकि जब यह कानून बनेगा, तब उसकी स्थिति अलग होगी। श्री रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वक्फ़ संपत्तियों के अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक सख्त कदम उठाया है। अतिक्रमण कर जमीनों पर कब्जा जमाने वालों को हटाने की कोशिश प्रधानमंत्री मोदी ने की है, और इसी उद्देश्य से वक्फ का यह बिल लाया गया है। राजस्व मामलों को कलेक्टर से बेहतर कोई नहीं समझ सकता, इसलिए इस बिल में उनकी भूमिका भी अहम होगी। इसी प्रकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दो महिलाओं को बोर्ड में शामिल करने का निर्णय भी स्वागत योग्य है। इससे अल्पसंख्यक महिलाओं का न केवल उत्थान होगा अपितु सामाजिक सरोकारों से वह सीधे जुड़ेंगी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आई थी, लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू करने की कोई कोशिश नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपानीत केन्द्र सरकार ने यह क्रांतिकारी कदम उठाया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री रजा ने कहा कि आज पीएम मोदी जी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। हमारा नारा ÷सबका साथ, सबका विश्वास÷ इसी भावना को चरितार्थ करता है। श्री मोदी के नेतृत्व में देश के अल्पसंख्यक समुदाय के विकास की गाथा लिखी जा रही है।

कांग्रेस ने कभी भी अल्पसंख्यकों की शिक्षा और विकास के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। श्री रजा ने कहा कि आज पूरे देश में वक्फ संपतियों से मात्र 163 करोड़ रुपए की ही आवक हो रही है जबकि वक्फ़ संपत्तियों से अतिक्रमण हटने के बाद 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक आवक वक्फ़ बोर्ड की होगी। इस बड़ी राशि से अल्पसंख्यकों का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास होगा।

### सनातन बोर्ड का गठन किया जाए : सलीम

**रायपुर, 04 अप्रैल।** वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सनातन बोर्ड का गठन करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि साधु-संतों को लेकर सनातन बोर्ड बनाया जाए। इससे मंदिर-मठों की संपत्तियों की देखरेख ठीक ढंग से होगी। संपत्तियों के गैरकानूनी उपयोग या बेचने पर रोक लगेगी।

#### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पर कार्रवाई

**रायपुर, 04 अप्रैल।** पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक टंडन को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

## भ्रामक विज्ञापनों पर बृजमोहन नाराज, संसद में उठाए सवाल



**रायपुर, 04 अप्रैल।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर संसद में सवाल उठाया। उन्होंने सरकार से यह जानकारी मांगी कि क्या छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए कोई विशेष समिति गठित की गई है। यदि ऐसा है, तो उसकी अनुशंसाओं को सार्वजनिक किया जाएगा या नहीं, और इस संबंध में विस्तृत जानकारी कब तक प्रस्तुत की जाएगी। अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रभावी तंत्र स्थापित करने पर भी जानकारी मांगी है। जिसपर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने बताया कि सरकार ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए कोई विशेष समिति गठित नहीं की है। हालांकि, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने 12 दिसंबर 2024 के परिपत्र के माध्यम से एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया है, जो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के भ्रामक प्रचार का समाधान करने, उपभोक्ताओं को सही जानकारी सुनिश्चित करने और नैतिक विज्ञापन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। मंत्री ने आगे बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 24(1) के तहत, किसी भी खाद्य उत्पाद का भ्रामक या प्रवंचनापूर्ण विज्ञापन प्रतिबंधित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने प्री-पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की लेबलिंग से संबंधित आवश्यकताओं के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 अधिसूचित किया है, जिसका पालन सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को करना अनिवार्य है। साथ ही, खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 को लागू किया गया है, जिससे खाद्य उत्पादों के संबंध में निष्पक्ष दावे और विज्ञापन सुनिश्चित किए जा सकें। इन नियमों के उल्लंघन पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## गायिका ऐश्वर्या पंडित पर चोरी और धोखाधड़ी का मामला

**रायपुर, 04 अप्रैल।** बॉलीवुड की मशहूर गायिका ऐश्वर्या पंडित के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला राजधानी रायपुर के मुझगहन थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया। ऐश्वर्या पर आरोप है कि उन्होंने अपने परिजनों के साथ मिलकर पति के किराए के मकान का ताला तोड़कर वहां से 11 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर और घरेलू सामान चोरी कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, ऐश्वर्या पंडित का अपने पति तपन दास से विवाद चल रहा था। इसी बीच, 19 जनवरी 2023 को उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन पारिवारिक कलह के चलते उनके पति तपन दास ने सद्दानी दरबार के पास एक किराए का मकान ले लिया और वहां रहने लगे। कुछ समय बाद किसी काम से तपन अपने मूल ग्राम गरियाबंद गए। तपन की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर, ऐश्वर्या पंडित ने 1 सितंबर 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर किराए के मकान का ताला तोड़ा और वहां से सोने-चांदी के जेवर, कूलर, रेफ्रिजरेटर सहित अन्य सामान जबरन ले गईं। जब तपन को इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत मुझगहन थाने में इसकी शिकायत की। हालांकि, पुलिस ने इसे पारिवारिक विवाद बताते हुए न्यायालय की शरण में जाने की सलाह दी।

## रेल परिचालन के लिए कुलियों ने किया सराहनीय कार्य



**रायपुर, 04 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के दिनांक 02 अप्रैल, 2025 को हावड़ा-मुंबई लाइन में उरकुरा - आरएसडी मेन लाइन पर 02 वैगन उतरने की घटना में 07 सहायकों (कुलियों) द्वारा एक्सीडेंट साइट पर सराहनीय कार्य किया गया सभी सहायकों द्वारा एक्सीडेंट साइट पर जल्द से जल्द रेल परिचालन चालू करने के लिए तत्परता से हर संभव मदद की गई निस्वार्थ भाव से सहायकों ने एक्सीडेंट साइट पर उपस्थित रेल कर्मियों-अधिकारियों के साथ मिलकर बोगी को पटरी पर रखवाने और रेलवे ट्रैक पर बोगी के कल-पुर्जों को समायोजित करने में तकनीकी स्टाफ की मदद की रायपुर रेल मंडल का पूरा अमला वैगनो को पटरी रखने का कार्य कर रहा था। उनके साथ रायपुर स्टेशन के सहायकों ने तन-मन से जुट कर कंधे से कंधा मिलाकर काम किया साथ ही साइट पर उपस्थित रेल कर्मियों के खान-पान की व्यवस्था में भी रेल कर्मियों का सहयोग किया सभी को चाय पानी खाना मिले इसके लिए भरसक प्रयास किया रायपुर स्टेशन के सहायक जे. वेंकटराव, उद्धवा कुमार, जनक राम साहू, आगर राम साहू, हेमंत कुमार साहू, रामेश्वर साहू, नीलचंद साहू ने रेल परिचालन के लिए भरसक मदद की।

## रायपुर रेल मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर, 04 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रायपुर रेल मंडल में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ के कार्यों की समीक्षा की ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं, सुरक्षा, सुविधाओं में विस्तार सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। रायपुर रेल मंडल में कुल 218 टिकट चेकिंग स्टाफ है पहली बैठक में 75 टिकट चेकिंग शामिल हुए आगामी दिनों में शेष टिकट चेकिंग स्टाफके कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। अवधेश कुमार त्रिवेदी ने टिकट चेकिंग स्टाफ के द्वारा यात्रियों के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने, नियमानुसार यात्रियों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं के प्रति उनकी जिम्मेदारियों, उनके द्वारा कि जा रही रेल सेवा से यात्री संतुष्ट हो, यात्रियों को उन्नत सुविधा मिले, ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों के प्रति व्यवहार अच्छा रखेंगे तो भारतीय रेल की साख भी बनेगी इत्यादि विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई साथ ही टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा अपने कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनकी समस्यायों को तत्काल सुलझाया जाए, उनको दिए जाने वाले सभी लाभों, भत्तो का समय पर भुगतान हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। टिकट चेकिंग स्टाफ जब भी अपने मंडलों या अन्य रेलवे जोन एवं मंडलों में ड्यूटी समाप्त कर रेस्ट के लिय जाते हैं तो उन्हें वहां पर उचित रहन-सहन, रेस्ट हाउस में उचित खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसका ध्यान रखे जाने की बात कही। साथ ही सभी टिकट चेकिंग स्टाफ को अलर्ट किया कि यात्रियों को समस्या का अनुभव होने से पहले उन्हें स्वयं समस्या का आकलन कर लेना चाहिए और उसका तुरंत निदान करने हेतु उचित उपाय किए जाने चाहिए तुरंत कंट्रोल या अपने उच्च अधिकारियों को उस समस्या से अवगत करा कर तुरंत निदान कर रेल यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करा कर रेल सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

## इस माह पुरी-इंदौर, जोधपुर, एलटीटी रूट की कई गाड़ियां रहेंगी रद्द

**रायपुर, 04 अप्रैल।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के प्रयास के तहत दो महत्वपूर्ण रेल खंडों में कनेक्टिविटी और विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कारण पुरी को जोड़ने वाली इंदौर, जोधपुर व एलटीटी की गाड़ियां और गीतांजलि एक्सप्रेस इस माह कई दिनों के लिए रद्द की गई है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल के अंतर्गत मेरामण्डली-हिन्दोल रोड सेक्शन में तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। यह कार्य 15 से 24 अप्रैल तक चलेगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली या गुजरने वाली निम्नलिखित यात्री गाड़ियां रद्द रहेंगी। 19 अप्रैल को जोधपुर से रवाना होने वाली गाड़ी 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस। -16 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस। -13 अप्रैल को एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी 12145 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस। -15 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 12146 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस। -18 अप्रैल को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस। -21 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस। ॅद्यहाश ऋह्रडुस्र - ? 68.66 कन्याओं को देवी का रूप माना जाता है : पूनम शुक्ला -15 एवं 22 अप्रैल को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस। -17 एवं 24 अप्रैल को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी 20918 पुरी-इंदौर एक्सप्रेस। गीतांजलि 13 से 26 तक रद्द रहेगी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़-झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने और इस खंड में चौथी लाइन के विद्युतीकरण का कार्य 11 से 23 अप्रैल तक किया जाएगा।

## प्राइवेट कंपनी ने प्रोफेसर से ठगे लाखों रुपए

**रायपुर, 04 अप्रैल।** रायपुर की प्राइवेट कंपनी की एक स्कीम के लालच में असिस्टेंट प्रोफेसर समेत 140 लोग फंस गए हैं। कंपनी ने बिना बैंक जाए घर बैठे असिस्टेंट प्रोफेसर को 5 अलग-अलग बैंकों से 72 लाख रुपए का लोन दिलवाया। फिर उन्हें एक इन्वेस्टमेंट स्कीम का झांसा देकर आधे पैसे वापस ले लिए। वादा किया कि लोन की किस्तें अब कंपनी चुकाएगी। लेकिन कंपनी ने धोखा दे दिया। इस मामले में अब कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, त्रिभुवन सिंह ने बताया कि वह शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है। मार्च 2024 में उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। जिसमें कॉलर ने कहा कि क्या आपको लोन की जरूरत है? हमारी कंपनी लोन दिलाती है।फिर उन्हें आरवी ग्रुप स्पाश एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड छोटापारा का पता दिया गया। वहां मौजूद ऑफिस स्टाफ ने लोन के संबंध में बातचीत की।

जब त्रिभुवन ने कहा कि उनके सिविल स्कोर की जांच की जाए। तो स्टाफने कहा कि आपको कंपनी की गारंटी पर लोन मिल जाएगा। आपको केवल डॉक्यूमेंट देने होंगे। लोन लेने के लिए बैंक भी नहीं जाना पड़ेगा।

## भक्तमाता कर्मा सेवा, समर्पण व भक्ति की प्रतीक



**रायपुर, 04 अप्रैल।** बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम तारा लीम में साहू समाज द्वारा भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर जिला योगेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण एवं भक्तमाता कर्मा का आशीर्वाद लिया और समस्त साहू समाज व ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तमाता कर्मा जी का जीवन निस्वार्थ सेवा, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें समाज में एकता, परोपकार और सशक्तिकरण की प्रेरणा देते हैं। समाज की उन्नति के लिए हमें शिक्षा, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। मैं आपके सहयोग से साहू समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगा। समारोह में साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने योगेश तिवारी का भव्य स्वागत किया और उनके समाज उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर उपस्थित सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।सरपंच सिंपू परगनिहा जी , उपसरपंच दानीराम साहू, राजकुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज, कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, खेमराज साहू सुरुजपुरा सरपंच, बीरेंद्र साहू सिलघट सरपंच, पायल साहू लोक कला मंच,लच्छीराम साहू, लक्ष्मण साहू, कुलदीप सेन, राजू साहू, पंचुराम साहू, रोहित साहू, तुकेश साहू, देवकुमार साहू, कुलेश्वर साहू,, रमेश परगनिहा, पवन साहू, तोसू साहू, खेमुराम साहू, विष्णु साहू। अंत मेंयोगेश तिवारी ने साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा समाज के विकास और कल्याण के लिए तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

## प्रदेश के तीन निजी मेडिकल कॉलेजों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना

**रायपुर, 04 अप्रैल।** प्रवेश और फीस विनियामक समिति छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के तीन निजी मेडिकल कॉलेजों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. यह कार्रवाई छात्रों से ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और मेस के नाम पर अधिक राशि लिए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर की गई है. मेडिकल कॉलेजों को छात्रों से ली गई अधिक राशि एक माह के भीतर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित छात्रों को लौटाने के निर्देश भी दिए गए हैं. प्रवेश व फीस नियामक समिति के अध्यक्ष जस्टिस प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया कि शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस,जुनवानी भिलाई, बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मोवा रायपुर एवं रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भानसोज ग्राम-गोढ़ी रायपुर में एमबीबीएस, एमडीएमएस पाठ्यक्रमों के संचालन में ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल एवं मेस के नाम पर अत्यधिक राशि प्रत्येक छात्र से लिए जाने की शिकायत मिली थी. जांच में शिकायत सही पाई गई है.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26